वर्ष- 21 अंक - 354 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2.50 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 9 जून 2026




## इंदौर में आज से पांच दिवसीय ब्रिक्स सम्मेलन

### 20 देशों के प्रतिनिधि आज करेंगे संयुक्त घोषणा-पत्र के मसौदे पर मंथन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

इंदौर में आज 9 से 13 जून तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट्स भाग लेंगे। सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, कृषि नवाचार, जलवायु परिवर्तन, कृषि व्यापार और छोटे किसानों के सशक्तिकरण जैसे विषयों पर व्यापक मंथन होगा। आज पहले दिन इस सम्मेलन में संयुक्त घोषणा पत्र के मसौदे पर मंथन होगा।

## नेहरू के बराबर हो गए मोदी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू के एक और रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। चुनाव के बाद जीतकर आने और लगातार शासन करने वाले प्रधानमंत्रियों के मामले में मोदी अब संयुक्त रूप से पीएम नेहरू के साथ हैं। 9 जून तक की बात करें तो एक चुने हुए पीएम के तौर पर मोदी ने लगातार 4398 दिन (2014 से जारी) शासन कर लिया है, जो कि पंडित नेहरू के कुल (और लगातार दोनों) शासन की बराबरी हैं। कल यानी 10 जून को पीएम मोदी इस कीर्तिमान को भी तोड़ देंगे। मोदी ने 8 जून को ही सत्ता में 12 वर्ष पूरे किए हैं।



## भैंस के आगे बजाई बीन

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान भैंस के आगे बीन बजाई। इन कर्मचारियों ने अस्पताल के सामने से निकलने वाली कई भैंसों को रोककर बीन बजाने का काम किया। जब ये भैंसे नहीं रुकीं तो उन्हें चारा दिखाया जिससे दो भैंसे रुक गईं और फिर हड़ताली कर्मचारियों ने भैंसों को माला पहनाई और उनके सामने बीन बजाई।

## आप नेता संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली.एजेंसी। आम आदमी पार्टी के नेता संजीव अरोड़ा से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने दिल्ली-नोएडा समेत देश के चार राज्यों के अलग-अलग शहरों में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। ईडी की टीमें कई ठिकानों पर एक साथ तलाशी ले रही हैं। यह पूरा एक्शन मनी लॉन्ड्रिंग यानी पैसे के अवैध हेरफेर से जुड़ा हुआ है। इसके पहले भी कई आप नेताओं के यहां छापे पड़ चुके हैं और कई नेताओं को जेल भी भेजा जा चुका है।**

### न्यूज ब्रीफ...



## एक और सास ने दामाद से की शादी

**कानपुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में कानपुर देहात जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक और मामला सामने आया। अपनी सास की खूबसूरती पर फिदा दामाद ने अपनी पत्नी को छोड़कर अपनी ही सास से कोर्ट में शादी कर ली। इसके बाद इन दोनों ने सोशल मीडिया पर शादी का ऐलान किया और फिर दोनों गायब हो गए। इसके पहले अलीगढ़ में भी अपनी बेटी की शादी से पहले एक महिला अपने होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई थी।

## खान सर की गिरफ्तारी पर रोक, दी राहत

**पटना.एजेंसी।** खान ग्लोबल स्टडीज में हुई फायरिंग और तोड़फोड़ के मामले में संस्थान के निदेशक फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर आज पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। पटना कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। वहीं, इस मामले में गिरफ्तार उनके दो सुरक्षा गार्डों की जमानत याचिका पर भी आज फैसला सुनाया जाएगा।

## एकाएक पानी में समाया 35 साल पुराना पुल



**बेतिया.एजेंसी।** बिहार में बेतिया के मझौलिया प्रखंड स्थित लालसरैया में धनौती नदी पर बना 35 साल पुराना गोडा पुल अचानक ध्वस्त हो गया। पुल का करीब 10 फीट हिस्सा टूटकर नदी में समा गया, जिससे बखरिया चौक एनएच-727 से लालसरैया होते हुए करमवा एवं पूर्वी चंपारण को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया।

## मप्र के नर्मदापुरम में भूकंप के झटके

**नर्मदापुरम्.एजेंसी।** नर्मदापुरम के केसला ब्लॉक के ग्राम जिजवानी, छीतापुरा में सोमवार रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.8 मैग्नीट्यूड मापी गई। झटके महसूस होते ही कुछ ग्रामीण लोग डर गए। हालांकि अब तक किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इसी तरह क्यूबा, फ्लोरिडा और मेक्सिको में भी भूकंप के झटके आए।

## कॉकरोच के बाद अब 'इश्क करो' पार्टी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** हिन्दुस्तान की राजनीति में सैकड़ों छोटे-बड़े राजनीतिक दल हैं। हाल ही में कॉकरोच जनता पार्टी ने दस्तक दी और अब इश्क करो पार्टी भी मैदान में आ गई है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कण्डेय काटजू ने इश्क करो पार्टी बनाने का ऐलान किया है।

## शोक सभा में फायरिंग, 27 की मौत



**रावलपिंडी.एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हालात बेकाबू हो गए हैं। यहां एक प्रदर्शनकारी की शोकसभा में जुटे लोगों पर पाकिस्तानी आर्मी ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। इस डाइरेक्ट एक्शन में 27 लोगों की मौत हो गई है और 200 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई लोगों के लापता होने का भी आरोप लगाया गया है। आज बंद का ऐलान भी किया गया है।

# जोजिला सुरंग का आज होगा 'ब्रेकथ्रू' ब्लास्ट

### एशिया की सबसे लंबी सुरंग में बर्फबारी में भी नहीं थमेंगे पहिए

**श्रीनगर.एजेंसी। भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा और स्ट्रेटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से आज का दिन एक नया इतिहास रचने जा रहा है। दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर बन रही आधुनिक तकनीक की नायाब मिसाल 'जोजिला सुरंग' को आज अपना आखिरी 'ब्रेकथ्रू' हासिल होगा।**



सुरंग निर्माण में 'ब्रेकथ्रू' का मतलब पहाड़ के भीतर आर-पार रास्ता खुल जाना है। जब इंजीनियर और मजदूर पहाड़ के दोनों छोरों से एक साथ खुदाई शुरू करते हैं और बीच में आकर दोनों रास्ते आपस में मिल जाते हैं, तो उसे 'ब्रेकथ्रू' कहा जाता है। अब जोजिला सुरंग में 'ब्रेकथ्रू' होने से सुरंग के अंदर सड़क बनाने, बिजली की लाइनें बिछाने, सीसीटीवी कैमरे और एडवांस वेंटिलेशन सिस्टम लगाने जैसे अंतिम चरण के काम तेजी से शुरू हो सकेंगे।

समुद्र तल से करीब 11,578 फीट की ऊंचाई पर बन रही ये 13.153 किलोमीटर लंबी सुरंग दुनिया की सबसे लंबी सिंगल-ट्यूब बाईडायरेक्शनल (दोनों तरफ से वाहनों के आने-जाने वाली) सुरंग है। ये सुरंग श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे पर स्थित है। सुरंग के पूरी तरह शुरू हो जाने के बाद कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच साल भर निर्बाध संपर्क हो सकेगा और बर्फबारी में भी गाड़ियों के पहिये नहीं चलेंगे।

# महापौर ने दी पटवारी को खुली बहस की चुनौती



## तथ्यहीन बयानबाजी से नहीं चलती राजनीति, बिजलपुर में परियोजना का भूमिपूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर की जल व्यवस्था और पानी की गुणवत्ता को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी के बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तीखा हमला बोला। बीजलपुर स्थित 30 एमएलडी जीएसआर परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर ने पटवारी को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी देकर राजनीति नहीं की जा सकती।

महापौर ने कहा कि पानी का डिस्ट्रीब्यूशन, सप्लाई सिस्टम, गुणवत्ता और नर्मदा जल की संपूर्ण व्यवस्था को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी लंबे समय तक विधायक रहे हैं और उन्हें राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव भी है, इसलिए उन्हें शहर की वास्तविक जल व्यवस्था की जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो खुद को गरीब किसान का बेटा बताते हैं और अपने कार्यकर्ताओं को लाखों रुपये की घड़ियां उपहार में देते हैं, वे इंदौर की जल व्यवस्था पर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि यदि पटवारी के पास तथ्य हैं तो वे सार्वजनिक मंच पर केवल इंदौर के पानी, उसकी सप्लाई, गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था पर उनसे खुली बहस करें। महापौर ने कहा कि भाजपा परिषद ने पिछले वर्षों में पानी की नेटवर्किंग और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने का काम किया है, जिसके कारण सीमित संसाधनों के बावजूद बढ़ती आबादी तक पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीति के लिए शहर की छवि खराब करना दुर्भाग्यपूर्ण है और इंदौर की जनता विकास और काम की राजनीति को समझती है।

# उपपंजीयक की गलत रिपोर्ट की जांच तहसीलदार को

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**सांवेर उपपंजीयक ने स्वयं के व्दारा की गई दो रजिस्ट्री की शिकायत वरिष्ठ जिला पंजीयक समरथमल राठौड़ के यहां पर होने पर खेल करना चाहा और अपने द्वारा की रजिस्ट्री को सही स्टाम्प ड्यूटी चुकाने वाली बता दी।**

शिकायत दर्ज करवाने वाले व्यक्ति ने अपने अभिभाषक प्रमोद कुमार द्विवेदी के माध्यम से मौके की विडियो, तस्वीरें, ग्राम पंचायत का रिकॉर्ड, पटवारी पंचनामा एवं तहसीलदार आदेश आदि जमा करवा किसी निष्पक्ष अधिकारी से जांच करवाने का आवेदन दिया जिसपर वरिष्ठ जिला पंजीयक समरथमल राठौड़ ने आदेश दिया कि उस क्षैत्र के तहसीलदार अपने स्तर पर जांच करें और रिपोर्ट पहुंचाए। द्विवेदी ने बताया कि इंदौर के इतिहास में यह पहला अवसर होगा कि स्टाम्प ड्यूटी की चोरी को सिद्ध करने खातिर शिकायत दर्ज करवाने वाले ने वकील किया और बकायदा लड़ाई लड रहा। ज्ञात रहे कि ममता पति विकास चौहान मो नंबर 7974641947 तथा ललीता पति दीपक चौहान 9977002878 ने ग्राम पंचौला तहसील सांवेर की सर्वे नंबर 318/1 रकबा 0,130 हैक्टेयर तथा 319/1 रकबा 0.129 हैक्टर की भूमि की रजिस्ट्री खाली खेत बता करवाई रजिस्ट्री नंबर एमपी 179112024ए1923811 दिनांक 19/7/2024 में खाली खेत बताया जबकि मौके पर दस मकान बाडा तबेला बना हुआ था तथा अन्य लोगों को पहले से ही बेच रखा था। सबके पास ग्राम पंचायत का रिकॉर्ड तथा बिजली बिल आदि भी थे परंतु खसरे में नाम नहीं था। शिकायत हुई और वरिष्ठ जिला पंजीयक ने 48ख में प्रकरण दर्ज किया, सब रजिस्ट्रार से रिपोर्ट मांगी तो उसने खेत बताया। कल पेशी थी उसी में यह आदेश जांच का दिया गया।

# मिंडा का स्वास्थ्य जाना



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन दिनों घर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश मिंडा स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उनके निवास पर कांग्रेस नेता राहुल निहोरे और समाजसेवी आनंद मरमट पहुंचे और उन्होंने मिंडा का स्वास्थ्य लाभ जाना।





# पार्षद ने अधिकारियों को बताया वीडियो कॉल से गंदा पानी

## ए.सी. में बैठे हैं अफसर, जनता हो रही है परेशान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राऊ विधानसभा के वार्ड 75 के पार्षद कुणाल सोलंकी ने जहां पहले गंदे पानी को बोतल में भरकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव को पीने के लिए आमंत्रित किया था वहीं अब उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से निगम के अधिकारी और इंजीनियर को गंदे पानी के चित्र बताए और कहा कि आप लोग आराम से ए.सी. में बैठे हो और इधर जनता को 15 से 20 मिनट तक गटर का गंदा पानी नलों से मिल रहा है। सोशल मीडिया पर यह फुटेज काफी चर्चा में बने हुए हैं।

# पुष्पा स्वरूप में महाकाल में हुई वीआईपी एन्ट्री का विरोध

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



श्री परशुराम सेना मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने बताया कि उज्जैन महाकाल मंदिर परिसर में फिल्मी कैरेक्टर पुष्पा के रूप में मंदिर में वीआईपी एन्ट्री की गई और इस किरदार के साथ वहां के सुरक्षाकर्मियों ने इस कैरेक्टर को विशिष्ट अतिथि का दर्जा दिया और उनके साथ सेल्फी भी खिंचाई और बतौर सुरक्षा मौजूद भी रहे। कैरेक्टर के रूप में दर्शन करने आए उससे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इस तरह से भगवान के परिसर में वीआईपी एन्ट्री सुरक्षाकर्मियों के घेरे में मिले यह गलत है। इस मामले में पदाधिकारियों का कहना है कि यह सनातन धर्म का घोर अपमान है। आगे कोई भी इस तरह का बाबा महाकाल के दरबार में वीआईपी को प्रवेश नहीं दिया जाए और सुरक्षाकर्मी उनसे दूर रहे और सैल्फी भी नहीं खिचाए। इस मामले में यह भी मांग की गई कि सुरक्षा एजेंसियों को बैठक लेकर हिदायत भी दी जाना चाहिए कि आगे से कोई भी फिल्मी किरदार बनाकर अगर मंदिर परिसर में आता है तो उसे किसी भी तरह का विशिष्ट दर्जा न दिया जाए साथ ही जब मंदिर परिसर के अंदर रील बनने का भी प्रतिबंध है, मोबाइल ले जाने का प्रतिबंध है। इसकी रील कैसे बन गई यह सुरक्षा एजेंसी पर सवाल उठता है ऐसी सुरक्षा एजेंसी को तुरंत हटा देना चाहिए। अनूप शुक्ल द्वारा चेतावनी दी गई है अगर उपरोक्त विषय पर महाकाल मंदिर प्रशासन शीघ्र ही कोई कार्रवाई नहीं करेगा तो संगठन द्वारा प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# 6 लाख 40 हजार करोड़ रुपये कहां हैं.? - राजा टोनेरे

## 2021 में राम मन्दिर निर्माण हेतु 3000 करोड़ से ज्यादा दान में आया था, जिसमें से लगभग 1500 करोड खर्चा हुआ.!

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सांवेर विधानसभा के वार्ड 35 से पार्षद प्रत्याशी के दावेदार राजकुमार टोनेरे राजा ने बताया कि अयोध्या राम मन्दिर निर्माण में भाजपा की मोदी सरकार या राज्य की योगी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोई चंदा या फंड नहीं दिया गया.! राम मन्दिर पूरी तरह से आम जनता के सहयोग से बना है.! आज से लगभग 35 साल पहले 1989-1990 के दशक में हुए राम मंदिर आंदोलन के दौरान भाजपा और विश्व हिंदू परिषद ने देशभर में व्यापक जनआंदोलन करके साधु संतों की अगुवाई में 'रामशिला पूजन' के जरिए जन-सहयोग से चन्दा जुटाया था जिसमें देश-विदेश सहित सभी जगहों से रामभक्तों ने अपनी क्षमतानुसार आगे होकर दान दिया था क्योंकि उस समय के लोग ज्यादा धार्मिक और भक्ति भाव वाले होते थे.! अब सोचो 35 साल पहले अगर 5000 करोड रूपये भी इकट्ठा हुये होगें तो वो पैसा कहां हैं? किसके पास है? अगर बैंक में उसकी एफडी की होती तो उस समय पांच साल में पैसा डबल हो जाता था मतलब दसवें साल में चार गुना 15 वें साल आठ गुना, बीसवें साल में 16 गुना और 25 वें साल में 32 गुना 30 वें साल में 64 गुना हो जाता.. 35 साल में 128 गुना मतलब 640000/- छः लाख चालीस हजार करोड हो जाता.! और उस एफडी का ब्याज अलग से.! उस एफडी के ब्याज के ब्याज से ही मन्दिर निर्माण हो जाता और ब्याज का पैसा बच भी जाता.! इतना पैसा अगर बैंको के पास चलन में होता तो देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आता.! लेकिन उस समय कितना चंदा इकट्ठा हुआ और वो किसके पास है इसका कहीं कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है.! क्यों.? लोकतंत्र में सवाल तो बनता है.! उक्त पूर्ण आरोप के साथ जानकारी राजकुमार टोनेरे ने दी।

# कांग्रेस ने की पंढरीनाथ क्षेत्र के व्यापारियों के लिए बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





**बनाई निगम के नोटिस के बाद की रणनीति**

**कांग्रेस ने अब मधुमिलन से छावनी तक में हुई तोड़फोड़ में किए प्रदर्शन में मिले जन समर्थन से उत्साहित पिछले सप्ताह मिले पंढरीनाथ क्षेत्र के व्यापारी और रहवासियों को नोटिस पर करीब 60 लोगों की बैठक कल गांधी भवन में बुलाई और कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने सबको आश्वस्त किया कि उनकी लड़ाई कांग्रेस लड़ेगी।**

इधर चिंटू चौकसे ने बताया कि गंगवाल बस स्टैण्ड से सरवटे बस स्टैण्ड तक जो चौड़ीकरण का मामला है उसमें पंढरीनाथ थाना के सामने जो गौतमपुरा जा रहा है, जो मार्ग काफी संकरा है, जहां जाम लगता है वहां के रहवासियों को भी 60 फीट का नोटिस निगम ने दिया है और इधर पंढरीनाथ से मच्छी बाजार का मार्ग पहले से 60 फीट चौड़ा है उसे 80 फीट करने की आवश्यकता क्या है। यह भी चौकसे ने बताया कि हरसिद्धि माता मंदिर के पास से जो रास्ता नाले के समीप से जा रहा है उस नाला पर निगम पुल निकालकर इसको 80 फीट कर सकता है और ले जाकर आगे नयापीठा में जोड़ सकता है। यहां के व्यापारी और रहवासियों को निगम को छेड़ने की जरूरत नहीं है। हरसिद्धि फूल मंडी झोन से जो सड़क है वह हरसिद्धि माता के पास से निकल सकती है। चौकसे ने कहा कि किसी के भी रोजगार को उजाड़ने का हक निगम को नहीं है और निगम रोड चौड़ीकरण के नाम पर विनाश करने पर तुला हुआ है, जो रोड आगे गौतमपुरा पर 60 फीट कर दी गई है और उसी रोड से यह पंढरीनाथ की सड़क मिलना है तो यहां 60 फीट से ज्यादा की जरूरत नहीं है और यहां जाम भी नहीं लगता है। बैठक में बड़ी संख्या में दुकानदार और रहवासी गांधी भवन पहुंचे और उपनी पीढ़ा निगम के नोटिस के बाद की बताई। इस दौरान चिंटू चौकसे, शैलेष गर्ग, इम्तियाज बेलिम, दादू रघुवंशी, अभिजीत शर्मा, जतिन थोरात, हितेश वर्मा सहित अन्य कांग्रेस की ओर से मौजूद थे। चौकसे ने कहा कि 60 परिवार की लड़ाई दमखम से कांग्रेस लड़ेगी।

# सांसद और विधायक ने दो वार्डों में किया प्रबुद्धजनों से संवाद

**बताई केन्द्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धि**





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सांसद शंकर लालवानी और विधायक महेन्द्र हार्डिया ने विधानसभा 5 के वार्ड 48 और 54 में प्रबुद्धजनों से सम्पर्क कर संवाद का अभियान किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार के विकास और जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत विशेष जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत कल विधानसभा 5 में की गई।

इन दो वार्ड 48 और 54 में प्रबुद्धजनों से सम्पर्क कर संवाद किया और केन्द्र सरकार की उपलब्धि, विकास कार्य, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सांसद और विधायक वार्ड 54 में रिटायर्ड अधिकारी ब्रजेश उपाध्याय, उद्योगपति अक्षय जैन के निवास पर पहुंचे, वहां संवाद किया गया। वहीं वार्ड 48 में विधायक महेन्द्र हार्डिया ने मॉर्निंग वॉक के दौरान भी एक तरफ घूमना भी किया और दूसरी तरफ मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों से चर्चा भी की और सभी मॉर्निंग वॉक वालों को साथ लेकर पौधारोपण भी किया। इसके पूर्व हार्डिया ने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर दर्शन, पूजन किया था और उसके बाद जनसम्पर्क की शुरूआत हुई थी। सीए स्वप्निल जैन के निवास पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पार्षद महेश बसवाल, उमेश मंगरोला, विजयलक्ष्मी गौहर, कैलाश पिपले, महेश जोशी, परसराम वर्मा, अनिल गौहर, कपिल पांडे, अजय बोरासी, गब्बर चौधरी, आनंद राय, सन्नी वर्मा, मनोहर शर्मा उपस्थित थे।

# गांधी भवन में आज 24 ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

## कमेटियां भी बनाओ और गंदे पानी पर नजर रखकर आगे उस पर कार्रवाई करो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आज शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने गांधी भवन में 24 ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक सभी विधानसभा प्रभारियों की मौजूदगी में बुलाई है। इसके लिए सभी ब्लॉक अध्यक्षों और प्रभारियों को बैठक की जानकारी दे दी गई है। आज दोपहर 1 बजे से होने वाली इस बैठक में जहां-जहां ब्लॉक, मंडलम के पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाना है उस पर भी चर्चा होगी और उसके बाद जहां वार्ड कमेटियां नहीं बन पाई है उस पर भी मंथन होगा।

कांग्रेस पहले ब्लॉक और मंडलम की कमेटियां पूरी करना चाहती है, इधर कांग्रेस ने बूथ स्तर पर पन्ना कमेटी बनाने का काम भी शुरू किया है। बनाना तो बूथ कमेटियां भी है और पन्ना कमेटी भी साथ में बनेगी। इस मामले में चिंटू चौकसे ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष की बैठकों में ब्लॉक से लेकर पन्ना कमेटियां तक पर चर्चा होगी। सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया जाएगा कि जहां-जहां वार्ड और बूथ स्तर पर गंदा पानी आ रहा है वहां के चित्र खेंचकर उसकी जानकारी शहर कांग्रेस अध्यक्ष को देंगे और साथ में ब्लॉक अध्यक्ष संबंधित झोन अधिकारी को भी इसकी जानकारी देकर गंदा पानी बंद हो इसकी चेतावनी देंगे और जरूरत पड़ी तो ब्लॉक, मंडलम स्तर पर बूथ पर आन्दोलन भी किया जा सकता है।

# ब्रिक्स सम्मेलन शुरू... प्रतिभागियों ने जलवायु-लचीली कृषि को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में आज से 5 दिवसीय ब्रिक्स कृषि कार्य समूह की बैठक शुरू हुई। पहले दिन आज सदस्य देशों के प्रतिनिधि मंडलों के प्रमुखों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव ने किसान केन्द्रीत और सतत कृषि विकास को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलेपन को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। आज से सदस्यों देशों के अधिकारी स्तर की बैठक शुरू हुई है, जो तीन दिन तक चलेगी, जिसके बाद 12 और 13 जून को कृषि मंत्रियों की बैठक भी होगी।

# जैन समाज में अध्यक्ष का बयान चर्चा में बना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर में अभी भी दो सामाजिक संसद चल रही है। इधर एक सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनन्द गोधा बस और कार लेकर गुना सुधा सागरजी म.सा. को चातुर्मास का निमंत्रण देने पहुंचे थे और संत के समक्ष उन्हें बोलने का मौका मिला तो बात कुछ लम्बी हो गई और उनका वीडियो जैन समाज में चर्चा का विषय कल से बना हुआ है जो वक्तव्य दिया गया उसमें कहा गया कि अगर सुधा सागर म.सा. इंदौर आते हैं तो सारे गीदड़ भाग जाएंगे इस पर भी व्यापक प्रतिक्रिया हो रही है कि गीदड़ कौन है।

वहीं यह भी कहा गया कि अभी शहर में 10 वरिष्ठ जैन समाज के आधार स्तंभ है, जिनमें हम 4 भाई प्रमुख है, यह भी कहा गया कि अभी तक समाज 50 वर्षों से संगठित नहीं था और पहली बार समाज संगठित होकर आया है, जैसे-तैसे हमने दुकान को कब्जे में की है। वहीं युवाओं के मामले में भी जो बयान दिया गया है उससे बुजुर्ग नाराज हो रहे हैं। कुल मिलाकर बयान से दिगम्बर जैन समाज में आक्रोश पनपा है। इधर समाजजनों ने सोशल मीडिया पर इस बयान के बाद लिखा कि इंदौर में समाज में ही बड़े संत विद्यानन्दजी और विद्या सागरजी, प्रमाण सागरजी, विराग सागरजी, समय सागरजी, दर्शन सागरजी, विशुद्ध सागरजी के चातुर्मास




बड़े रूप में कराएं हैं और अभी इस वर्ष चातुर्मास जैन कालोनी में आचार्य सुनील सागरजी म.सा. का 60 पिच्छि संतों के साथ किया जाना है यह चातुर्मास भी बड़ा है। यह चातुर्मास सकल जैन समाज के बैनर तले होगा। गोधा ने यह भी गुना में संत सुधा सागर से कहा था कि हम इंदौर के लिए आपको पूरे दिगम्बर जैन समाज के बैनरतले चातुर्मास के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 101 बस और 50 कारों की घोषणा गुना जाने के लिए की गई थी। उस समय भी जैन समाजजनों ने कहा था कि इतने तामझाम के साथ संत को आमंत्रित इतना बड़ा खर्च कर जाने की जरूरत नहीं थी, वह बात अलग है कि बसें और कार कम गई, कई लोगों ने जैन समाज के सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को भी लिखा कि उन्होंने एक तरफ ईवी वाहन उपयोग करने की बात कर पेट्रोल-डीजल बचाने की बात कही है। सभी ने यही लिखा कि संत सुधा सागरजी इंदौर में चातुर्मास करें यह अच्छी बात है, लेकिन संत कभी भी तामझाम के लिए प्रेरित नहीं करते हैं। कुल मिलाकर दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के निर्वाचित अध्यक्ष आनन्द गोधा का वीडियो चर्चा में बना हुआ है और सोशल मीडिया पर ही व्यापक प्रतिक्रियाएं इस वीडियो के बयान पर हो रही है। कई जैन समाजजनों ने आक्रोश भी बयान पर जताया है।

# विदेशी प्रतिनिधि पहुंचे तो इंदौरियों को रोक दिया

## 56 दुकान पर ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों ने लिया इंदौर के व्यंजन का जायका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**भारत सरकार के द्वारा इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों के सम्मेलन के लिए सारी तैयारी पूरी हो गई है। यह विदेशी प्रतिनिधि कल 56 दुकान पर इंदौरी व्यंजन का जायका लेने के लिए पहुंचे। इस मौके पर इंदौर के लोगों को 56 दुकान पर जाने से रोक दिया गया।**





कल दिन में इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्रिक्स देश के अधिकांश प्रतिनिधि इंदौर पहुंच गए थे। इन प्रतिनिधियों का विमानतल पर जिला प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। हर प्रतिनिधि के लिए अलग गाड़ी लगाकर उनके साथ में स्थानीय अधिकारी को अटैच किया गया है ताकि यह स्थानीय अधिकारी इन प्रतिनिधियों को सुविधा के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने का कार्य कर सके। यह सम्मेलन आज से शुरू हो रहा है जो की 5 दिन तक चलेगा। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए प्रतिनिधियों को कल शाम को इंदौर में खानपान के ठिकाने 56 दुकान पर ले जाया गया।

इन प्रतिनिधियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए 56 दुकान को पहले से ही सजा संवार कर तैयार कर लिया गया था। 56 दुकान परिसर में राउंड टेबल लगाकर कुर्सियां लगाई गई थी। जब यह प्रतिनिधि वहां पर पहुंचे तो उन्होंने इंदौर के व्यंजन का जायका लिया। काफी देर तक इन प्रतिनिधियों ने 56 दुकान की दुकानों पर मिलने वाले अलग-अलग सामान को चखा। किसी को इंदौर में मिलने वाले नमकीन व्यंजन पसंद आए तो किसी को मिठाई में रुचि जगी। शिकंजी तो ऐसा व्यंजन था जो सभी को लजीज लगा।

जब विदेशों के प्रतिनिधि 56 दुकान पर जायका ले रहे थे उस समय पर इंदौर के जो लोग अपनी भूख मिटाने के लिए 56 दुकान पर पहुंचे उन्हें जाने से रोक दिया गया। इस मौके पर केवल विदेशी प्रतिनिधि और स्थानीय अधिकारी ही 56 दुकान पर रहे। पुलिस लगाकर बैरिकेडिंग करते हुए रास्ते को ही बंद कर दिया गया था। एमजी रोड की तरफ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी खड़े हुए थे जो कि आम लोगों को छप्पन दुकान जाने से रोक रहे थे। विदेशी मेहमानों ने बड़ी देर तक छप्पन दुकान पर रुककर यहां पर इंदौरी खानपान का आनंद लिया।

## सभी सरकारी कार्यालय में कामकाज ठप्प

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर के सभी सरकारी कार्यालय में इन दोनों कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। सभी अधिकारी ब्रिक्स देश के सम्मेलन की व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। इसके चलते हुए सरकारी कार्यालय में कोई अधिकारी नहीं आ रहा है। अधिकारियों के नहीं आने के कारण कर्मचारी भी अपनी टेबल से गायब है। इस स्थिति के कारण अपने कामों के लिए सरकारी कार्यालय में पहुंचने वाले नागरिकों को निराशा

### ब्रिक्स देश के सम्मेलन में लगे हैं अधिकारी

का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर कार्यालय के सारे अधिकारियों को प्रोटोकॉल की ड्यूटी में लगा दिया गया है। तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक विदेशी प्रतिनिधियों के साथ अपनी ड्यूटी में लगे हुए हैं। सारे एडिशनल कलेक्टर आयोजन स्थल के अलग-अलग व्यवस्था को आकार देने में लगे हुए हैं। इस स्थिति के चलते हुए कल कलेक्टर कार्यालय में एक भी अधिकारी मौजूद नहीं था। पूरे कार्यालय में सन्नाटे की स्थिति थी। नगर निगम में तो वैसे भी अधिकारी आना ही पसंद नहीं करते हैं। हमेशा अधिकारी फील्ड में कामकाज पर लगे होने के नाम पर कार्यालय में नहीं आते हैं। आधा नगर निगम तो स्मार्ट सिटी के कार्यालय से चलता है। ऐसे में वहां पर तो जो भी नागरिक अपने कामकाज के लिए जाते हैं उन्हें बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## छावनी-मुराई मोहल्ला में दो खतरनाक मकान तोड़े

### 50 साल से ज्यादा पुराने होने के कारण मकान से था संकट





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नगर निगम द्वारा आज सुबह मुराई मोहल्ला में दो खतरनाक मकान तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मुकेरीपुरा में बड़ी कार्रवाई करने के बाद अब मुराई मोहल्ला में बड़ी कार्रवाई की गई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि जिन मकानों को तोड़ा गया है वह 50 साल से ज्यादा पुराने थे। मकान बहुत ज्यादा पुराने होने के कारण संकट का कारण बन रहे थे। कभी भी तेज बारिश अथवा तेज हवा की स्थिति में इन मकान का हिस्सा गिर सकता था। ऐसे में इन मकान के कारण कोई भी हादसा होने की आशंका बनी रहती थी। इस स्थिति में नगर निगम के द्वारा मकान मालिक सुरेश कौशल व ओम अग्रवाल के नाम पर नोटिस जारी किए गए थे। इन मकान मालिकों से कहा गया था कि वह खुद अपने मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ने। जब इनके द्वारा अपने मकान तोड़ने में रुचि नहीं ली गई तो फिर नगर निगम की टीम के द्वारा आज सुबह जाकर इन मकानों को तोड़ दिया गया है। निगम के अधिकारियों ने कहा है की बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए खतरनाक मकान तोड़ने की कार्रवाई अभी निरंतर जारी रहेगी।

## किसानों से लाखों की ठगी..9 लाख का प्याज खरीदकर भागे तीन व्यापारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सिमरोल थाना क्षेत्र में अन्नदाताओं के साथ धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहाँ तीन शातिर व्यापारियों ने कई किसानों से करीब 9 लाख रुपये का प्याज खरीद लिया और बिना भुगतान किए चंपत हो गए। वहीं, शहर के तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया, जिससे अज्ञात जालसाजों ने साढ़े 5 लाख से अधिक रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिमरोल पुलिस के अनुसार, ग्राम भैंसलाय मेमैंदी क्षेत्र के रहने वाले फरियादी किसान लीलाधर पिता जीराम निवासी सिमरोल और उनके साथी किसानों ने थाने में संयुक्त शिकायत दर्ज कराई है। किसानों ने बताया कि तीन अनाज व्यापारियों ने उनसे कुल 1408 कट्टे प्याज खरीदे थे, जिनकी लगभग 9 लाख रुपये थी। आरोपियों ने प्याज की डिलीवरी तो ले ली, लेकिन जब भुगतान का समय आया तो वे टालमटोल करने लगे और अंततः पैसे देने से साफ मुकर गए। किसानों की रिपोर्ट पर सिमरोल पुलिस ने आरोपी सादिक पिता राशिद खान, निवासी विजय पैलेस कॉलोनी, मोहम्मद मुस्तफा पिता अब्दुल मंसूरी, निवासी खजराना और शादाब खान पिता अब्दुल रहमान, निवासी सारंगपुर.के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

तिलक नगर थाना क्षेत्र का है। यहाँ रहने वाले फरियादी कुलदीप सिंह पिता रामजीलाल राठौर, मूल निवासी बधाईपुरा, ग्वालियर) के साथ अज्ञात सायबर अपराधियों ने 5 लाख 63 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात आरोपियों ने कुलदीप को अपने झांसे में लेकर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करवा लिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। तिलक नगर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

## बड़े जुआ सट्टे पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

### चोरल डैम के पास 15 जुआरी रंगेहाथ गिरफ्तार, 3 फरार,4 लग्जरी कारें, एयर गन, मोबाइल और नगदी सहित 28.80 लाख रुपये का माल जब्त



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पर्यटन क्षेत्र चोरल डैम के पास चल रहे एक बड़े हाईप्रोफाइल जुआ ठिकाने पर बड़गोंदा थाना पुलिस ने दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मौके से इंदौर, उज्जैन और देवास सहित विभिन्न जिलों के 15 शातिर जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है, जबकि तीन मुख्य आरोपी अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने दांव पर लगी भारी-भरकम नगदी राशि के साथ-साथ मौके से 4 लग्जरी कारें, दो एयर गन और मोटर साइकिलें जब्त की हैं, जिनकी कुल कीमत अट्ठाइस लाख अस्सी हजार तीन सौ दस रुपये आंकी गई है।

बड़गोंदा पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई थी कि चोरल डैम के पास स्थित ग्राम रामपुरिया के एक खुले खेत में बड़े पैमाने पर कुछ बाहरी और स्थानीय लोग इकट्ठा होकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर तुरंत मौके के लिए रवाना की गई। पुलिस टीम जब मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँची, तो वहाँ आरोपी महेश गिनावा के घर के पास कई कारें और मोटर साइकिलें खड़ी दिखाई दीं। पुलिस जवानों ने जब सूझबूझ का परिचय देते हुए खेत के पास छुपकर ध्यान से सुना, तो कुछ दूरी से लोगों की चीख-पुकार और पैसों के दांव लगाने की आवाजें आ रही थीं। पुलिस बल ने बिना वक्त गंवाए पेड़ और झाड़ियों की आड़ लेते हुए जुआरियों को चारों तरफ से घेर लिया। अचानक हुई इस पुलिसिया दबिश से मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने घेराबंदी कर ताश के पत्तों पर लाखों का दांव लगा रहे 15 आरोपियों को रंगेहाथ दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में उस्मान शाह, वहिद खान, अकरबर शाह, देवेन्द्र सोलंकी सभी निवासी जिला उज्जैन, घनश्याम चौहान, विशाल पटेल, राज यादव निवासी महू, प्रेमचन्द्र उर्फ बंटी शर्मा, मो. सलमान, मोहित शर्मा, जफर, मनीष सोनी, प्रशान्त उर्फ पिन्टु इश्वरे सभी निवासी इंदौर, मुरली गिनावा निवासी बड़गोंदा और अजहर शेख निवासी देवास शामिल हैं। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखकर मुख्य आरोपी राहुल कदम निवासी सुतारखेडी, महेश गिनावा निवासी रामपुरिया, चन्द्रप्रकाश केतवास निवासी कोदरियाऔर उनके कुछ अन्य साथी पास की घनी झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने जुए के फड़ और आरोपियों की जामा तलाशी से ताश के खुले 52 पत्तों की दो गड्डियां, दो सीलबंद गड्डियां, 1,76,260/- रुपये की नगद राशि और 15 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इसके साथ ही, सुरक्षा के लिहाज से रखी गई दो एयर गन और मौके पर मिलीं 4 आलीशान कारें तथा 3 दोपहिया वाहन जब्त की हैं। बड़गोंदा थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# जनगणना के नाम पर नगर निगम के कर्मचारी उड़ा रहे मौज

**विभाग प्रमुखों की बढ़ी परेशानी, जनगणना कार्य खत्म होने के बाद भी कर्मचारी काम पर नहीं लौटे**

**23 विभागों के 1500 से अधिक कर्मचारियों की लगाई गई थी ड्यूटी**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के कर्मचारी की ड्यूटी जनगणना के काम में लगाई गई थी, इस दौरान उन्हें घर-घर जाकर जनगणना में पूछे गए 33 सवालों के जवाब नागरिकों से पूछ कर ऑनलाइन पोर्टल पर मोबाइल से ही अपलोड करने थे। यह कार्य 1 मई से 30 मई 2026 के बीच में पूरा होना था। कलेक्टर के आदेश पर नगर निगम के 2100 कर्मचारियों की ड्यूटी इस काम में लगाई गई थी।

जिसमें से 600 कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया था और 1500 से अधिक कर्मचारियों को निरीक्षक बनाकर फील्ड में डाटा एकत्रीकरण के लिए लगाया गया था, क्योंकि जून माह आरंभ हुए 9 दिन बीत चुके हैं और जनगणना का कार्य लगभग पूरी तरह से खत्म हो चुका है, नगर निगम के जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी वह अब तक अपने मूल विभाग में काम पर नहीं लौटे हैं, अब ऐसे कर्मचारी को पुनः काम पर बुलाने के लिए नगर निगम के विभाग प्रमुख उन्हें तकादा लगा रहे हैं। अधिकतर विभागों में कर्मचारी नहीं होने से काम प्रभावित हो रहा है।

निगम के सामने फिलहाल गंभीर समस्या कर्मचारियों की कमी के कारण खड़ी हो गई। बड़ी संख्या में कर्मचारी जनगणना के कार्य में लगाए गए थे लेकिन वह काम पर नहीं लौट रहे हैं, जिसके कारण निगम अधिकारी परेशान है जबकि कलेक्टर कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई है कि जनगणना का कार्य अधिकांश कर्मचारियों ने केवल एक सप्ताह में ही पूरा कर लिया और डाटा भी अपलोड कर दिया। जिन 33 सवालों के जवाब लोगों से लेने के लिए घर-घर जाना था उनमें से केवल 6 सवाल ही ऐसे थे जिसकी जानकारी भिन्न हो सकती थी बाकी के बचे हुए 27 सवाल लगभग एक-जैसे सभी के लिए कॉमन थे जैसे पक्की टॉयलेट, पेयजल सोर्स। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों ने यह सर्वे घर बैठे ही कर डाला क्योंकि प्राइमरी सर्वे में नागरिकों के मकान नंबर और मोबाइल नंबर एकत्र किए गए थे जिसके आधार पर दोबारा कर्मचारियों को उनके घर पर नहीं जाना पड़ा और सर्वे का काम पूरा हो गया। लेकिन इसके लिए कर्मचारियों ने संबंधित विभाग से पूरे एक माह की छुट्टी ले ली। जिसमें से केवल एक सप्ताह ही काम किया और अब जून माह के 9 दिन अधिक होने के बावजूद भी काम पर नहीं लौट रहे।

नगर निगम के स्थापना अपर आयुक्त मनोज पाठक को विभाग प्रमुखों ने शिकायत की है कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना में लगाई गई थी वह काम पर दोबारा नहीं लौटे हैं, संपर्क करने पर जनगणना का काम पूरा नहीं होना बताया जा रहा है तो कई कर्मचारी बीमार होने की बात कह रहे हैं, कईयों ने अलग-अलग पारिवारिक कारण बताएं हैं। अपर आयुक्त पाठक ने ऐसे कर्मचारी को नोटिस जारी करने की बात विभाग प्रमुखों को की है हालांकि इसके लिए कोई लिखित आदेश जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन जो कर्मचारी काम पर लौटने में आना-कानी कर रहे हैं उन पर अब सख्ती करने के निर्देश दिए गए हैं। जनगणना के काम में सबसे अधिक राजस्व विभाग के कर्मचारी लगाए गए थे, इनके नहीं होने से अब राजस्व वसूली प्रभावित हो रही है, अपर आयुक्त पाठक ने बताया कि जो कर्मचारी जनगणना के नाम पर बेवजह छुट्टी पर रहेंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## रोड पर गंदा पानी ढोला तो 3 हजार का चालान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 16 के बांगड़दा मेन रोड स्थित ईशा एवेन्यू कॉलोनी में मुकेश शर्मा द्वारा रोड पर (गंदगी) पानी ढोला जा रहा था तभी ड्रेनेज सुपरवाइजर सुनील पथरोड ने देखा और सहायक सीएसआई भारत करोसिया को सूचना दी करोसिया ने वहां पहुंचकर आपत्ति ली और 3 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की। इस दौरान निगम के सुनील पथरोड, कुंदन खरे, आशीष करोसिया मौजूद थे।**

# लक्ष्मीबाई नगर के यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इन्दौर के लक्ष्मीबाई नगर यार्ड के फेज-2 रीमॉडलिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनें निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट तथा परिवर्तित मार्ग से चलेगीं। 11 जून को उज्जैन से चलने वाली ट्रेन संख्या 69211 उज्जैन-इंदौर पैसेंजर एवं इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 69212 इंदौर-उज्जैन पैसेंजर, 11 जून, को उज्जैन से चलने वाली ट्रेन संख्या 69213 उज्जैन-इंदौर पैसेंजर, 11 जून, को इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 69214 इंदौर-उज्जैन पैसेंजर निरस्त रहेगी।

11 जून को रतलाम के चलने वाली ट्रेन संख्या 79306 रतलाम-डॉ. अंबेडकर नगर डेमू लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होंगी तथा लक्ष्मीबाई नगर-डॉ. अंबेडकर नगर के मध्य आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 11 जून को ही डॉ. अंबेडकर नगर से चलने वाली ट्रेन संख्या 79305 डॉ. अंबेडकर नगर-रतलाम डेमू, लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी तथा डॉ. अंबेडकर नगर-लक्ष्मीबाई नगर के मध्य आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 11 जून को रतलाम से अम्बेडकर नगर डेमू भी लक्ष्मीबाई नगर पर शार्ट टर्मिनेट होगी। 11 जून को अम्बेडकर नगर से चलने वाली रतलाम डेमू लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी।डॉ. अंबेडकर नगर-लक्ष्मीबाई नगर के मध्य आंशिक रूप से निरस्त होने वाली जो ट्रेनें है उनमें रतलाम से डॉ. अम्बेडकर नगर डेमू और डॉ. अम्बेडकर नगर से चलने वाली डेमू को शार्ट टर्मिनेट होगी। इस तरह कुछ ट्रेन निरस्त होगी तो कुछ ट्रेनें शार्ट टर्मिनेट होगी।

# बारिश के पानी को इकट्ठा करने के लिए स्कूल-कॉलेज पर दबाव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**निगम ने आज स्कूल के प्राचार्य की बुलाई बैठक, हर स्कूल में होगा रिचार्जिंग**

नगर निगम के द्वारा बारिश के पानी को इकट्ठा करने के लिए स्कूल कॉलेज पर दबाव बनाना शुरू किया गया है। नगर निगम के द्वारा आज स्कूलों के प्राचार्य की बैठक बुलाई गई है जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर स्कूल में वाटर रिचार्जिंग कराया जाए।

हर साल जब बारिश का मौसम आता है तो नगर निगम को वाटर रिचार्जिंग की याद आ जाती है। फिर निगम के द्वारा अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के माध्यम से बड़े परिसर वाले हर स्थान पर वाटर रिचार्जिंग को सुनिश्चित करवाने की कोशिश की जाती है। इसके लिए पहले तो संबंधितों के साथ संवाद किया जाता है। इसके बाद भी यदि रिचार्जिंग नहीं होता है तो फिर कार्रवाई करने की पहल की जाती है। यह सिलसिला पिछले 5 साल से इसी तरह से चल रहा है। इस साल भी अब नगर निगम के द्वारा इसी परंपरा को फिर से शुरू कर दिया गया है। नगर निगम के द्वारा आज मंगलवार को दोपहर के 2:30 बजे सिटी बस कंपनी के कार्यालय के सभागार में सभी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य की बैठक बुलाई गई है। इसमें मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल और सीबीएसई से मान्यता प्राप्त दोनों तरह के स्कूल को शामिल रखा गया है। इस बैठक के लिए एकमात्र एजेंडा हर स्कूल के परिसर में वाटर रिचार्जिंग कर बारिश के पानी को संग्रहित कर जमीन के अंदर भेजने का रखा गया है। आज की बैठक में हर स्कूल के प्राचार्य से यह जानकारी ली जाएगी कि उनके स्कूल में अब तक वाटर रिचार्जिंग किया गया है या नहीं किया गया है।

जिन स्कूलों में वाटर रिचार्जिंग नहीं किया गया होगा उन स्कूलों में वाटर रिचार्जिंग करने के लिए नगर निगम के द्वारा दबाव बनाया जाएगा। जिन स्कूलों में वाटर रिचार्जिंग पहले से ही किया जा चुका है वहां पर यह दबाव बनाया जाएगा कि वह रिचार्जिंग के शाफ्ट का सफाई का कार्य कराए ताकि बारिश का पानी साफ होकर जमीन के अंदर जाए। निगम के द्वारा हर साल वाटर रिचार्जिंग पर खूब जोर दिए जाने के बावजूद अब तक भूमिगत जल स्तर में सुधार की कोई स्थिति नहीं बन सकी है।

### भवन अधिकारी को लगाएंगे

इस बार भी नगर निगम के द्वारा यह नीति निर्धारित की गई है कि वाटर रिचार्जिंग के कार्य को बराबर करवाने के लिए हर जोनल कार्यालय क्षेत्र के भवन अधिकारी को ही आगे कर लगाया जाएगा। इस अधिकारी के द्वारा जब काम करवाया जाएगा तो फिर कोई भी काम करने से इनकार नहीं कर सकेगा। ध्यान रहे की भवन अधिकारी उस क्षेत्र का नगर निगम का वह इंजीनियर होता है जो की निर्माण करने की अनुमति जारी करता है और नियम के विरुद्ध किए गए निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई को करवाता है। ऐसे में इस इंजीनियर को आगे कर देने से कार्रवाई आसानी से की जा सकती है।

### शिक्षा विभाग भी सक्रिय

स्कूल के परिसर में वाटर रिचार्जिंग करने के लिए शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। सरकारी स्कूलों में वाटर रिचार्जिंग का कार्य सरकारी एजेंसी के माध्यम से ही करवाने की पहल की जा रही है। इसके लिए जहां शिक्षा विभाग के पास बजट नहीं है वहां पर नगर निगम अपने बजट से और अपने खर्चे से काम को अंजाम देगा। निगम की ओर से शहर के सभी स्कूलों का सूचीकरण करने का कार्य कर लिया गया है।

### अब मानसून सिर पर

निगम के द्वारा वाटर रिचार्जिंग की पहल करने में थोड़ा सा विलंब कर दिया गया है। अब तो मानसून सिर पर आ गया है तब जाकर बैठक हो रही है और फैसला लेने का काम किया जा रहा है। वैसे यह कार्य मई के दूसरे सप्ताह से ही हर साल शुरू कर दिया जाता था। इस साल पानी के संकट के कारण इस काम को शुरू करने में भी विलंब हुआ है।

## उठावना

मेरी माताजी एवं स्व.शंभुदयालजी वर्मा की धर्मपत्नी **श्री शकुन्तला वर्मा** का निधन दिनांक 07/06/2026 रविवार को हो गया। जिनका उठावना मंगलवार 9 जून शाम 5 बजे श्रीं मालवीय प्रजापति समाज धर्मशाला, सेक्टर-डी, प्रजापत नगर पर रखा गया है।



**शोकाकुल-संजय वर्मा**




# पांडे की स्मृति में वृक्षारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नगर निगम के पूर्व अधिकारी शिवकुमार पांडे की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। गंगा पाण्डेय, आशा पाण्डेय, टोनू पाण्डेय, पार्थ पाण्डेय, विजय पाण्डेय, शशिकला मिश्रा, मंजूला तिवारी, मनीष पाण्डेय, भय्यू पाण्डेय, कीर्तिमित्र पाण्डेय, प्रेमलता गोधा, सुरेन्द्र सिंह मुन्ना, सुरेश पाठक, विवेक व्यास, कोमलसिंह कोचर, दिनेश माहेश्वरी, सुनील जैन, विजय जैन ने अपनी भूमिका निभाई।




## संस्था ने किया मिठाई और वस्त्र देकर सेवाकार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मातृशक्ति सनातन धर्म समाज सेवा समिति ने पितृ पर्वत के पास, जम्बूडी हप्सी में नारायण साईं आश्रम परिसर में सेवाकार्य के अन्तर्गत मिठाई, नाश्ता और वस्त्र का वितरण कर सेवाकार्य किया। राकेश शास्त्री, दिनेश दुबे, मुरारीलाल माहेश्वरी, पुष्पाजी यादव, प्रवीण मारवाड़ी, राजेन्द्र दाधीच, प्रदीप बरमूडा, राजकुमारी रायकवार, लक्ष्मण आचार्य, निशिका जैन उपस्थित रहे।

# यातायात एवं महिला सुरक्षा जागरूकता आयोजन

## छात्राओं को बताए सुरक्षित रहने के गुर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलिस द्वारा असरावद खुर्द स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास में छात्राओं हेतु विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त सुप्रिया चौधरी द्वारा 150 छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। छात्राओं को 'गुड टच एवं बैड टच' के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि की सूचना तत्काल अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। यातायात जागरूकता सत्र में छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित आवागमन के नियमों से अवगत कराया गया। यातायात के कई नियम भी छात्राओं को समझाए गए। इस दौरान सूबेदार अशोक कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक अशोक चंदेल मौजूद रहे।






## माहेश्वरी संगम ने की दम्पत्तियों के लिए पार्टी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी संगम दम्पति ग्रुप द्वारा स्नेह मिलन पार्टी का आयोजन लाभम में किया। वहां स्विमिंग पूल का लाभ भी इस गर्मी में दम्पति सदस्यों ने उठाया। 250 से अधिक सदस्यों ने स्विमिंग पूल में गेम भी खेले और मनोरंजन प्रतियोगिता में शिरकत भी की। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। माहेश्वरी समाज के 9 क्षेत्रों और अलग-अलग संस्थाओं में संस्था के सदस्य पदाधिकारी बने उनका सम्मान भी किया गया। संतोष अनिता साबू, श्रीमोहन नीता सोमानी, गोपाल कृष्ण राठी, रमेश शकुंतला चितलांग्या, जयकिशन मनीषा डागा, श्याम संतोष भांगड़िया, प्रदीप-सीमा जाखेटिया, विष्णु-शारदा मानधन्या, जगदीश-सुनीता बाहेती, बृजकिशोर-शशि बांगड़, गोविंद विजय मंत्री, डॉ. नीलेश रैना माहेश्वरी, डॉ. महेश-संगीता सोमानी, घनश्याम-संगीता माहेश्वरी, पारस-पुष्पा बाहेती, भगवानदास-निशा बूब मौजूद थे।

## मां अंजनी की गोद में बैठे अलीजा को लगाया आम का भोग



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ज्येष्ठ मास एवं अधिकमास के दौरान आने वाले सभी बड़े मंगलवार को शहर के हनुमान मंदिरों पर विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। खासतौर पर हनुमानजी को फलों का भोग लगाया जा रहा है। पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर आज आम का भोग लगाया गया। माता अंजनी हनुमानजी को गोद में बैठाकर आम खिलाते हुए दर्शन दे रही है। सुबह से मंदिर में दर्शनार्थियों की कतार लगी हुई है। उक्त जानकारी मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने दी।

# जैन संत के दर्शन करने समाजजन पहुंचे रतलाम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

जैन संत महासती डॉ. कुमुद लता म.सा. के दर्शन और वंदन का लाभ लेने महावीर भवन श्रावक संघ का प्रतिनिधिमंडल जैन दिवाकर स्मारक रतलाम पहुंचा। महासती के चरणों में वंदना की गई, आशीर्वाद प्राप्त किया गया और प्रवचन भी सुने गए। गीत की प्रस्तुति भी हुई, नवकार महामंत्र और भजन आयोजन भी हुए। अचल



चौधरी, प्रकाश भटेवरा, डिपिन जैन, रमेश भंडारी, रितेश कटकानी, राज कुमार जैन, अशोक मंडलीक, जिनेश्वर जैन, हेमंत बोहरा, ललित संचेती, सुरेश देशलहरा, वीरेन्द्र सुराणा, रतलाम के जयंतिलाल डांगी, महेन्द्र बोथरा, इन्दरमल जैन मौजूद थे।




## लोहार फाउंडेशन का मिलन और सम्मान आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लोहार यूथ फाउंडेशन ने अपने वार्षिक मिलन कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया। भगवान विश्वकर्मा के पूजन के बाद विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। वरिष्ठजनों का भी सम्मान हुआ। पौधे वितरित किए गए। किशोर सोनवने, नितेश लोखंडे, महेश सोनोने, आनन्द थोरात, सचिन पोफले, राजेश हरेल, अनिल लाड, योगेश सोनोने, रूपेश हरेल सहित अन्य मौजूद थे।

# छात्रों को कॉपी-किताब मिलेगी, सम्मान भी

### सरयूपारिण ब्राह्मण समाज का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सरयू पारिण ब्राह्मण समाज द्वारा नए शिक्षा सत्र के लिए छात्रों को कॉपी-किताब का वितरण 21 जून रविवार को हंसदास मठ बिजासन रोड पर किया जाएगा। समाज के सहयोग से होने वाले इस आयोजन में कॉपी-किताब के अलावा पानी की बोटल, लंच बॉक्स, कम्पास भी दिए जाएंगे। मेधावी छात्रों का सम्मान भी आयोजित किया जाएगा। बड़ी संख्या में समाजजन और छात्र इस आयोजन में मौजूद रहेंगे। कक्षा 8 से 12 तक के बच्चों की करियर काउंसलिंग की जाएगी। आयोजन से अनूप शुक्ला, गौतम तिवारी, निर्मल दुबे, पंकज पाण्डेय, धीरेन्द्र ओझा, अजय त्रिपाठी, अल्केश पाण्डेय, अमित तिवारी, जगदीश तिवारी, ओम शुक्ला सहित अन्य जुड़े हुए हैं।

## बिजली ग्रिड की क्षमता बढ़ाई

**इन्दौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में शहर के ग्रिडों की क्षमता का क्रमशः विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कीम नंबर 114 स्थित 33/11 केवी सब स्टेशन की क्षमता 20 एमवीए से बढ़ाकर अब 25 एमवीए कर दी गई है। एसएसटीडी योजना के तहत पूर्व के 5 एमवीए के पीटीआर को हटाकर यहां टनों वजनी 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर प्रोटोकॉल के साथ स्थापित कर सोमवार की शाम ऊर्जीकृत किया गया।मनेन्द्र गर्ग ने बताया कि ग्रिड की क्षमता बढ़ने से 10 कालोनियों के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

## बैरवा महासभा के पदाधिकारियों की शपथ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. बैरवा महासभा जिला इंदौर की नवीन कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजन अभिनव कला समाज गांधी हॉल में किया गया। अतिथि आरपी रमनवाल, रामकरण गोठवाल, मदनलाल मिमरोट थे। राजेश जारवाल, महेश जिनवाल, महेश गोठवाल, मनोहर लोदवाल, पदाधिकारियों को सामाजिक दायरे की शपथ दिलाई गई कि वे पद पर समाजहित में कार्य करेंगे। समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया।






# बौद्ध समाज के पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

'बौद्ध समाज सामूहिक कल्याण समिति' द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बुद्ध विहार, डॉ.अम्बेडकर पंचभवन पंचकुइया रोड पर आयोजित किया गया। बिना फेरे, बिना अग्नि के बौद्ध विवाह का अनूठा स्वरूप नजर आया। श्वेत वस्त्रों में जोडों के सादगी की मिसाल देखने को मिली। पांच जोडों के सामूहिक विवाह आयोजन में दम्पति परिणय सूत्र में बंधे। बोद्ध समाजजनों और जनप्रतिनिधियों ने मुकुल वाघ व आनंद वाघ के प्रदेश स्तरीय प्रयासों को सराहा। धम्म पद्धति से इस विवाह की सादगी की चर्चा समाजजनों के अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य में भी हुई। सभी ने आयोजन और सादगी को सराहा। भंते के सानिध्य में त्रिशरण, पंचशील और 'जय मंगल अष्टगाथा' के पाठ के साथ विवाह संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में प्लास्टिक प्रतिबंध था, इसीलिए आयोजन डिस्पोजल मुक्त दिखा। आयोजन में दोनों दलों के राजनेताओं की भी उपस्थिति नजर आई।



## मुकेश के गीतों की प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आरजीपी प्योरली म्युज़िकल के बैनरतले मुकेश के यादगार गीतों की प्रस्तुति का आयोजन किया। एक के बाद एक गीतों को श्रोताओं ने सराहा। राजेश गोधा ने उक्त जानकारी दी।

# सावन राखी मेला की तैयारी शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्र मंच की दीपिका-आशीष गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा सावन राखी मेला का आयोजन कच्छ पाटीदार धर्मशाला, स्नेह नगर में रिमझिम मौसम 16 अगस्त रविवार को आयोजित किया जाएगा। 70 स्टाल, प्रतियोगी गैम, लक्की ड्रा और विजेताओं को पुरस्कृत करने का काम भी होगा। आशीष गोयल ने बताया कि बडे रूप में मेले का आयोजन किया जा रहा है। मातृशक्तियों के स्टाल को प्राथमिकता दी जाएगी। आयोजन से दीपिका-आशीष गोयल, हंसा अग्रवाल, चंचल गोयल, शिल्पा केडिया, मोना अग्रवाल, मोनिका गोयल, अर्चना अग्रवाल, दीपाली गोयल, संगीता अग्रवाल, कुमुद बिंदल, वंदना बंसल, मोना गोयल, आरती अग्रवाल, खुशबू गोयल, शीना केडिया, नीतू अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, पुष्पा गर्ग, राखी अग्रवाल जुडी हुई है। मातृशक्ति ही पूरा मेला स्टाल, प्रतियोगिताएं, पुरस्कार सभी कार्यक्रम संचालित करेगी।





## प्रगति मंडल की कृष्ण भक्ति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गीता भवन पर मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में शिव-पार्वती विवाह, शुकदेव एवं परीक्षित जन्म तथा सती चरित्र प्रसंगों की व्याख्या गोपेश्वर चैतन्य महाराज के श्रीमुख से की जा रही है। बडी.संख्या में माहेश्वरी समाजजनों ने भगवान के विवाह का लुत्फ लिया। कथा 13 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक जारी है।



## सेवादारों का सम्मान समारोह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हंसदास मठ पर संतों और 108 ब्राह्मणों की मौजूदगी में श्रद्धा सुमन सेवा समिति की ओर से मोक्षधामों और गोशालाओं में बरसों से समर्पित 14 सेवादारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हरि अग्रवाल, जगमोहन वर्मा ने बताया कि अलग-अलग मोक्षधामों पर सेवा देने वालों का सम्मान किया गया। स्वामी रामचरणदास महाराज, पवनदास महाराज का सान्निध्य मिला।

## मीडिया संवाद आज शाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बदलते दौर में मीडिया के स्वरूप में भी काफी तब्दीलियां आई हैं। मीडिया के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे साथियों के लिए एक विशेष सोशियो मीडिया संवाद का आयोजन आज शाम 4 बजे इंदौर प्रेस क्लब में किया जाएगा। संवाद का विषय मीडिया टेक्नोलॉजी, सिविलाइजेशन एंड पब्लिक डिसकोर्स रखा गया है।

## नेत्र शिविर का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय श्री दुर्गा शक्तिपीठ महूगांव भक्त मण्डल के तत्वावधान मे कस्तूरबा ग्राम आरोग्य हास्पिटल



खण्डवा रोड़ पर नेत्र शिविर के आयोजन में 195 मरीजों ने लाभ लिया और 23 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे। जरूरतमंद को रियायती दरों पर 96 चश्मे दिए गए।



## बोहरा समाज के 190 मेधावी छात्र सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बोहरा समाज से जुडे फिदवी परिवार ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के प्रदेशभर के समाज के 190 मेधावी छात्रों का सम्मान किया। इनमें छात्राएं भी शामिल है। असगर फिदवी ने उक्त जानकारी दी।

# पानी बचाने के मुद्दों पर परिचर्चा आयोजित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



संस्था सेवा सुरभि द्वारा गत 31 मई से चलाए जा रहे वर्षाजल पुनर्भरण अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल चेतना रथ सहित जागरूकता कार्यक्रम के तहत इन्द्रपुरी कॉलोनी में आम नागरिकों के साथ पानी की बचत और वर्षाकाल में जल पुनर्भरण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। नागरिकों को जल पुनर्भरण की तकनीक एवं अन्य अभियानों की जानकारी दी। संस्था सेवा सुरभि द्वारा पिछले 25 वर्षों से लगातार शहर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, जल पुनर्भरण और पानी की बचत के लिए नागरिकों को जागरूक बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान की श्रृंखला में इस वर्ष भी खातीवाला टैंक स्थित रिझवानी उद्यान सहित भंवरकुआं क्षेत्र की कॉलोनियों में एक ई-रिक्शा पर जल पुनर्भरण रथ का संचालन किया जा रहा है। संस्था ने ई-रिक्शा के साथ ही 15 हजार ऐसे पर्चे भी छपवाए हैं जो पानी बचाने और वर्षाकाल के पानी को सहेजने के संदेश दे रहे हैं। सभी कॉलोनियों में इन पर्चो का वितरण घर-घर जाकर समझाइश के साथ किया जा रहा है।



## अग्रवाल समाजजनों ने कराई गौ पेट पूजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री अग्रवाल समाज कालानी नगर के तत्वावधान में गौ सेवा महाअभियान का आयोजन श्री विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड पर किया गया। कालानी नगर अग्रवाल समाज पदाधिकारियों के अलावा अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। दिनेश अग्रवाल, कैलाश गोयल, सुमित अग्रवाल, श्वेता मोदी, सत्यनारायण गर्ग, संजय मूलचंद अग्रवाल, विनोद बंसल, धर्मेद्र अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, प्रद्युम्न जैन मौजूद थे।

## जिले में प्राकृतिक गैस पाइप लाइन पर ऑफसाइट इमरजेंसी ड्रिल आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा इंदौर जिले में आज ऑफसाइट इमरजेंसी ड्रिल लेबल-3 का आयोजन गेल सीजीएस सेक्टर-ई, सांवेर रोड, भवानी नगर औद्योगिक क्षेत्र, अंवतिका गैस लिमिटेड सीएनजी स्टेशन के पास किया जा रहा है। यह मॉकड्रिल प्राकृतिक गैस पाइप लाइन से संबंधित संभावित आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय एवं प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# महिला होने के नाते अपना पक्ष रखो

## पेद्दी में जाह्नवी को ऑब्जेक्टिफाई किए जाने पर बोलीं कंगना

**कंगना** रनौत ने फिल्मों में हीरोइन्स को जरूरत से ज्यादा ओवर-सेक्सुअलाइज तरीके से दिखाने पर कमेंट किया है। उन्होंने कहा कि एक्ट्रेसेस को खुद का स्टैंड लेना पड़ेगा। कंगना का ये बयान जाह्नवी कपूर के पेद्दी विवाद के बीच आया है।

फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों हीरोइन्स को ओवर-सेक्शुअलाइज किए जाने पर तीखी बहस छिड़ी हुई है। जबसे जाह्नवी कपूर, राम चरण की फिल्म पेद्दी में ओवर-सेक्शुअलाइज्ड तरीके से दिखाई गई हैं, तबसे विवाद गरमाया हुआ है। कई जानी-मानी एक्ट्रेसेस ने इस मुद्दे पर अपनी बात सामने रखी है। अब एक्ट्रेस और मंडी से सांसद कंगना रनौत ने भी हीरोइन को फिल्मों में ओवर-सेक्शुअलाइज करने पर रिएक्ट किया है।




कंगना इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म भारत भाग्य विधाता को प्रमोट करने में बिजी हैं। इस बीच एक न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस से इसी मुद्दे पर बात की गई। उनसे पूछा गया कि ऐसा क्या किया जाए जिससे फिल्मों में किरदार को ऑब्जेक्टिफाई ना किया जा सके तो कंगना ने इसपर अपने अंदाज में जवाब दिया।

### फिल्मों में ऑब्जेक्टिफाई के मुद्दे पर क्या बोलीं कंगना

उन्होंने कहा- ज्यादातर मेरे अनुभव के अनुसार ऐसा ही होता है कि जब मैं कोई फिल्म करने का फैसला लेती हूं, तो बहुत सारे अलग-अलग नजरिए सामने आ जाते हैं। आप उनमें से किसी बात को उठाकर कह सकते हो कि ये थोड़ा सा ऐसा भी लग रहा है। वो लोग जानबूझकर किसी को एक चीज की तरह नहीं दिखाना चाहते, लेकिन कोई भी फिल्म बनाने वाला ये नहीं सोचता कि आओ, बस इसे ऑब्जेक्टिफाई कर दें। मैंने जो देखा है, वो लोग वैसा नहीं सोचते। औरत होने के नाते आप अपना पक्ष रख सकती हो। आप कह सकती हो कि ये मुझे ऐसा लग रहा है, ये अच्छा नहीं लग रहा। और ज्यादातर सब लोग मान जाते हैं। वो कहते हैं कि नहीं नहीं, हमने तो वैसे सोचा ही नहीं था। पुरुषों के रूप में जब हमने लिखा था, तब हमें गलत नहीं लगा था। तो ऐसी बातें हो जाती हैं। अगर आप किसी फिल्म पर काम कर रहे हो, तो ये एक साथ मिलकर काम करने जैसा होता है – एक सहयोग है।'

### जाह्नवी के विवाद पर क्या बोले मेकर्स

जाह्नवी कपूर के सीन को लेकर बढ़ते विवाद को देखते हुए फिल्म पेद्दी के डायरेक्टर बुची बाबू सन ने साफ किया है कि वो एक्ट्रेस के सभी सीन्स में बदलाव करेंगे। उनका मकसद किसी महिला का अपमान नहीं था। डायरेक्टर ने सभी से माफी मांगी थी जो जाह्नवी के सीन्स से खफा हुए थे। हालांकि जाह्नवी की तरफ से अभी तक कोई रिएक्शन देखने नहीं मिला है।

# बेचारी ने वही किया जो डायरेक्टर ने कहा

*फिल्म पेद्दी में जाह्नवी कपूर के विवादित सीन्स पर उनके कोस्टार जगपति बाबू ने अपना रिएक्शन शेयर किया है। उन्होंने एक्ट्रेस का बचाव किया है और लोगों से रिक्वेस्ट की है कि वो जाह्नवी को ट्रोल ना करें। बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर राम चरण की पैन-इंडिया फिल्म पेद्दी में काम करके फंस सी गई हैं। उनके सीन्स पर बवाल मच चुका है। डायरेक्टर बुची बाबू सन ने जिस तरह उन्हें पेद्दी में ओवर-सेक्शुअलाइज किया है, उससे लोग नाराज हैं। हिंदी और साउथ सिनेमा की तरफ से अलग-अलग रिएक्शन्स देखने मिल रहे हैं।*




जबसे पेद्दी रिलीज हुई है, तबसे सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंटा हुआ नजर आया है। एक तरफ जाह्नवी पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं, जिन्होंने अपने सीन्स के खिलाफ कोई आवाज नहीं उठाई। दूसरी तरफ एक्ट्रेस को सपोर्ट किया जा रहा है और पेद्दी के मेकर्स निशाने पर नजर आए हैं। अब राम चरण की फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाले एक्टर जगपति बाबू ने इस पूरे मामले में जाह्नवी की साइड ली है।

### क्या बोले पेद्दी एक्टर जगपति बाबू

ईनाडू की रिपोर्ट अनुसार, जगपति बाबू ने पेद्दी में जाह्नवी के रोल पर कहा- फिल्म में क्रिएटिव फैसलों के लिए कलाकारों को ट्रोल नहीं करना चाहिए। बेचारी लड़की ने तो बस वही किया जो डायरेक्टर ने उसे कहा था। कभी-कभी चीजें गलत हो जाती हैं, ऐसा हो सकता है। इस मामले में मैं जाह्नवी कपूर का साथ देता हूं। उन्हें व्यक्तिगत रूप से निशाना नहीं बनाना चाहिए। लोग उसे ट्रोल करके उसका मानसिक तनाव नहीं बढ़ाएं।

वैसे जाह्नवी के सीन्स पर मच रहे बवाल को देखकर डायरेक्टर बुची बाबू सन ने X के इस विवाद पर माफी भी मांगी है। डायरेक्टर ने साफ किया था कि उनके दिल में औरतों के लिए काफी इज्जत है। ऐसे में वो जाह्नवी के सभी विवादित सीन्स को पूरी तरह बदलेंगे। जाह्नवी के इस विवाद पर जया बच्चन भी रिएक्ट कर चुकी हैं। एक बातचीत में उन्होंने हीरोइन्स को ओवर-सेक्शुअलाइज किए जाने पर अपनी राय देते हुए कहा ऐसे मामले सेट पर ही सुलझाने चाहिए। एक्ट्रेसेस को तुरंत डायरेक्टर को रोकना चाहिए और एक सही बाउंड्री सेट करनी चाहिए, ताकि कोई उन्हें उस तरह प्रेजेंट करने की हिम्मत ना कर सके। हालांकि इस पूरे विवाद पर जाह्नवी का कोई रिएक्शन नहीं देखने मिला है। हर किसी को उनकी साइड जानने का इंतजार है।

### क्यों हुई जाह्नवी के सीन्स पर कॉन्ट्रोवर्सी

दरअसल फिल्म में जाह्नवी का जो रोल है अच्चियम्मा, उसे देखकर पेद्दी बने राम चरण काफी उत्साहित होते नजर आते हैं। एक्ट्रेस के अधिकतर सीन्स में कैमरा का फोकस उनकी कमर, नेकलाइन और बाकी बॉडी पार्ट्स पर है। फिल्म में कुछ-कुछ जगहों पर राम चरण का किरदार हदें पार करता भी नजर आता है जिससे ऑडियंस के बीच एक गुस्सा देखा जा रहा है।

# नहीं चाहती थी मेकअप रूम में पले बच्चा

## क्योंकि... एक्ट्रेस ने ठुकराए ऑफर्स

**'क्योंकि** सास भी कभी बहू थी' फेम ऋतु चौधरी ने खुलासा किया कि मां बनने के बाद उन्होंने करियर से ब्रेक लेने का फैसला किया था। एक्ट्रेस ने बताया कि वो अपने बच्चे को सेट और मेकअप रूम के माहौल में नहीं रखना चाहती थीं, इसलिए धीरे-धीरे काम से दूरी बना ली।



टीवी एक्ट्रेस ऋतु चौधरी सेठ क्योंकि सास भी कभी बहू थी शो में तुलसी विरानी की बेटी का किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं। पहले सीजन के दौरान उन्होंने लगातार 10 साल तक काम किया और उसके बाद ब्रेक ले लिया था। ऋतु की शादी कम उम्र में ही हो गई थी बावजूद इसके उन्होंने तब ब्रेक नहीं लिया था, लेकिन बेबी हो जाने के बाद वो लगातार काम करके थक गई थीं।

### क्योंकि... 2 करने को बेकरार थीं ऋतु

ऋतु ने हाल ही में इंडिया नॉउ एंड हाउ से बातचीत में अपने वर्कलोड, कमबैक और ब्रेक का जिक्र किया। ऋतु ने बताया कि वो क्योंकि सास भी कभी बहू थी के सेकेंड सीजन के लिए भी बहुत एक्साइटेड थीं, लेकिन उन्हें कॉल नहीं आ रहा था। इस वजह से वो निराश हो गई थीं।

ऋतु बोलीं- 2025 के अप्रैल से मैं ये बात सुन रही थी कि शो वापस आने वाला है। मुझे फोन ही नहीं आ रहा था। फिर मुझे लगा कि यार क्योंकि।।। बन रहा है ये लोग मुझे कैसे नहीं फोन कर रहे हैं। फिर मैं स्पेन चली गई। मस्त में पानी के बीच बैठी हूं और मेरा फोन बजता है। तो वो फोन कॉल बालाजी से था, फोन रखते ही मैं जोर से चिल्लाई, वहां बैठे सैंकड़ो लोग मेरा मुंह देख रहे थे कि ये क्या हो गया है।

### जब लगातार काम करने के बाद टूटीं ऋतु

इसी के साथ ऋतु ने अपने ब्रेक पर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने बेबी होने के बाद धीरे-धीरे खुद को टेलीविजन से कट-ऑफ किया था। वो बोलीं- मैं जब 23 साल की थी तभी मेरी शादी हो गई थी। मेरा बेबी भी हो गया था। लेकिन मैं उस वक्त इतना काम कर रही थी कि वो ठहराव कभी आ नहीं पाया लाइफ में। तब भी मुझे काम के लिए बहुत कॉल्स आते थे। लोग कहते थे कि कोई बात नहीं आप अपने बेबी को लेकर आइये। कोई दिक्कत नहीं होगी। लेकिन मुझे वो एक्सपोजर नहीं चाहिए था। मैं नहीं चाहती थी कि मेरा बच्चा सारा दिन मेकअप रूम में रहे। तो मैं मना कर दिया करती थी। इसके बाद लोगों ने खुद ही समझ लिया कि ये काम नहीं करेगी। ऋतु क्योंकि।।। के अलावा नजर, इमली, बाजी इश्क की जैसे कई सीरियल्स का हिस्सा रह चुकी हैं।

# 'नो एंट्री 2' की देरी पर बोले फिल्ममेकर अनीस बज्मी

**आने** वाली फिल्म 'नो एंट्री 2' की देरी को लेकर अनीस बज्मी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फैंस की चिंता दूर करते हुए बताया कि फिल्म पर काम किया जा रहा है और ये ट्रैक पर है। फिल्ममेकर अनीस बज्मी ने आखिरकार 'नो एंट्री 2' को लेकर हो रही देरी और कास्ट में बदलाव की खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। पिछले कुछ समय से फिल्म को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। कहा जा रहा था कि शूटिंग में देरी हो रही है और कुछ कलाकार भी फिल्म से बाहर हो गए हैं। अब अनीस बज्मी ने साफ कर दिया है कि फिल्म बंद नहीं हुई है और इस पर लगातार काम जारी है।



**फिल्म पर चल रहा है काम-** हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में अनीस बज्मी ने कहा, 'कुछ फिल्मों की कुंडली होती है। मैं मानता हूं कि कुंडली होती है। कभी कोई फिल्म जल्दी बन जाती है, कभी देर से बनती है। लेकिन इंशाअल्लाह, हम सबकी कोशिश है कि यह फिल्म जरूर बने।' उन्होंने आगे बताया कि 'नो एंट्री 2' की कहानी बहुत प्यार और मेहनत से लिखी है। ये उनकी सबसे बेहतरीन लिखी गई फिल्मों में से एक है। फिल्म में थोड़ा समय जरूर लग रहा है, लेकिन ये प्रोजेक्ट पूरी तरह ट्रैक पर है।



**फिल्म की स्टारकास्ट-** फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर भी काफी चर्चाएं हो रही हैं। शुरुआत में फिल्म में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ को लिया गया था। हालांकि बाद में निर्माता बोनी कपूर ने बताया कि दिलजीत ने डेट्स की समस्या के कारण फिल्म छोड़ दी है। वहीं, वरुण धवन के भी फिल्म से अलग होने की खबरें सामने आई हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स ने फिल्म की नई और फाइनल स्टारकास्ट का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।

**2005 में आया थे पहला पार्ट-** बता दें कि 'नो एंट्री' का पहला पार्ट साल 2005 में रिलीज हुआ था और यह उस समय की सबसे बड़ी कॉमेडी फिल्मों में शामिल रही थी। फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला था और आज भी इसे बॉलीवुड की यादगार कॉमेडी फिल्मों में गिना जाता है। फिल्म के पहले पार्ट में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे।

## संपादकीय

# महंगाई की आंच: जमीन पर क्यों नजर नहीं आ रहा वैकल्पिक उपायों का असर?

ऐसा लगता है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तीन महीनों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। पश्चिम एशिया में हालात सामान्य नहीं हो पाने का असर अब प्रत्यक्ष रूप से महंगाई में तेज बढ़ोतरी के रूप में सामने आ रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार इजाफे के बाद सरकार ने घरेलू रसोई गैस के दामों में भी 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। यानी महंगाई की आंच आम लोगों की रसोई तक पहुंच गई है, जो आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है। इस स्थिति को लेकर पहले से ही अनुमान लगाए जा रहे थे, लेकिन सवाल सरकार के उन दावों पर उठ रहे हैं, जिनमें कहा गया था कि संभावित संकट का सामना करने के लिए समय रहते वैकल्पिक उपाय तलाश लिए जाएंगे। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे भारत समेत दुनिया के कई देशों में ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया है। भारत पर इसका ज्यादा असर इसलिए पड़ रहा है, क्योंकि यहां आयात पर निर्भरता अधिक है। यह सब ज्ञात होने के बावजूद अगर महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए कारगर कदम उठाने के बजाय इसका बोझ जनता पर डाल दिया जाए, तो क्या इसे उचित ठहराया जा सकता है। सरकार ने पिछले माह चार चरणों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए थे, जिसके परिणामस्वरूप कुल मिलाकर पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया था। इसी तरह व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भी बढ़ोतरी की गई। उम्मीद की जा रही थी कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम फिलहाल स्थिर रहेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तीन महीनों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले मार्च में साठ रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई थी, यानी इस अवधि में प्रति सिलेंडर कुल मिलाकर 89 रुपये बढ़ चुके हैं। सरकार का तर्क है कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में कीमतों में लगातार उछाल की वजह से तेल कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस के दाम घटते हैं, तो क्या उनका लाभ आम उपभोक्ताओं को दिया जाता है? यह मसला लंबे समय से कई स्तरों पर उठाया जाता रहा है, लेकिन इस पर कोई गंभीरता अब तक नजर नहीं आई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के बाद सरकार अब यह कहकर अपनी पीठ थपथपा रही है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में तेज उछाल के बावजूद देश की जनता को रसोई गैस दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि एक तरफ आम आदमी महंगाई के बोझ तले दबता जा रहा है और दूसरी तरफ सरकार यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब भी नियंत्रण में हैं। खबरों के मुताबिक, संकट के दौरान देश में एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए घरेलू उत्पादन में साठ फीसद से अधिक की वृद्धि की गई है और अमेरिका, कनाडा तथा अल्जीरिया जैसे देशों से अतिरिक्त आयात की व्यवस्था भी की गई है। मगर सवाल यही है कि इन वैकल्पिक उपायों का असर जमीन पर नजर क्यों नहीं आ रहा है। आम लोगों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लंबी कतारों में खड़े होकर गैस सिलेंडर का इंतजार क्यों करना पड़ रहा है?

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 149000 | 154700 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 242000 | 244700 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# 12 साल की बच्ची का पीछा करता था सिरफिरा

## विरोध करने पर पिता को दी धमकी, दो पर केस दर्ज

**इन्दौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने और शिकायत करने पर उसके पिता को धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी न सिर्फ पीड़िता पर बुरी नजर रखता था, बल्कि मोहल्ले की अन्य छोटी बच्चियों के साथ भी अश्लील हरकतें करता था। चंदन नगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, 12 साल की नाबालिग पीड़िता ने थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र का रहने वाला आरोपी दीपक कुमावत उस पर काफी समय से बुरी नजर रखता था। वह जब भी घर से बाहर निकलती, आरोपी उसका पीछा करता और जबरन बातचीत करने का प्रयास कर परेशान करता था। इतना ही नहीं, मोहल्ले में रहने वाली एक अन्य नाबालिग बच्ची जब बाहर खेलने जाती थी, तो आरोपी दीपक उसके साथ भी अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करता था।दरिंदगी और गुंडागर्दी की हद तब पार हो गई, जब गत दिवस आरोपी दीपक कुमावत और उसके साथी रोशन कुमावत ने घर के बाहर पानी भरने की बात को लेकर अचानक पीड़िता को रोक लिया और गालियां देने लगे।डरी-सहमी बच्ची ने जब घर जाकर परिजनों को बताया, तो उसके पिता आरोपियों को समझाने के लिए उनके पास पहुँचे। इस पर दोनों आरोपी और तैश में आ गए और उन्होंने पीड़िता के पिता को धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# मोटरसाइकिल निकालने की बात पर युवक को लात-थप्पड़ों से पीटा

**इन्दौर।** राऊ थाना क्षेत्र में एक दबंग ने पड़ोसी युवक का रास्ता रोककर उसके साथ न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि उसे लात-थप्पड़ों से बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर जब पीड़ित के पिता और भाई बीच-बचाव करने आए, तो आरोपी उन्हें भी देख लेने और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ट्रेजर फैंटेसी स्थित गंगा जी गोया झोपड़पट्टी के रहने वाले फरियादी प्रीतपाल पिता वीरसिंह अहिरवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रीतपाल ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपनी मोटरसाइकिल लेकर निकल रहे थे, तभी वहीं रहने वाले आरोपी रायसिंह ने रास्ता रोक लिया और मोटरसाइकिल यहाँ से न निकालने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। प्रीतपाल ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी गालियां देने लगा।विवाद के दौरान आरोपी रायसिंह ने तैश में आकर प्रीतपाल पर हमला कर दिया और हाथ-थप्पड़ों से उनकी बर्बरता से पिटाई शुरू कर दी। इस मारपीट के कारण प्रीतपाल के निचले होंठ और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर प्रीतपाल के बड़े भाई कृष्णपाल और पिता वीरसिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर प्रीतपाल को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया।पीड़ित के परिजनों को देखकर आरोपी रायसिंह पीछे हटा, लेकिन जाते-जाते उसने प्रीतपाल को खुलेआम धमकी दी कि आज तो बच गया, आइंदा अगर मोटरसाइकिल इधर से निकाली तो जान से खत्म कर दूंगा।

# रिश्तेदार ने नाबालिग को किया ब्लैकमेल

## अश्लील फोटो-वीडियो भेज, नहीं तो परिवार को बता दूंगा..

**इन्दौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को डरा-धमकाकर उसके अश्लील फोटो और वीडियो मांगने का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़ित लड़की का दूर का रिश्तेदार ही है, जो उसे परिवार में बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। डरी-सहमी नाबालिग ने जब इसकी जानकारी अपने माता-पिता को दी, तो परिजन उसे लेकर थाने पहुँचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

गांधी नगर पुलिस के अनुसार, 16 वर्षीय नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ब्रजेश पिता जितेंद्र जाधव, निवासी ग्राम पाल कांकड़िया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी ब्रजेश को पहले से जानती है और वह उसका रिश्तेदार लगता है। इसी जान-पहचान के कारण उनकी आपस में बातचीत भी होती थी।पीड़िता का आरोप है कि कुछ समय से ब्रजेश की नीयत बिगड़ गई और उसने नाबालिग पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसे डराया और धमकी दी कि तू मुझे अपने अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर भेज, अगर तूने ऐसा नहीं किया तो मैं तेरे बारे में तेरे परिवार वालों को सब बता दूँगा और तुझे बदनाम कर दूँगा।इस धमकी के बाद नाबालिग बुरी तरह डर गई थी। जब आरोपी का दबाव ज्यादा बढ़ने लगा, तो उसने हिम्मत जुटाकर अपनी माँ रेखा और पिता को आरोपी की इस काली करतूत की सारी बात सच-सच बता दी।बेटी की बात सुनकर परिजन दंग रह गए और तुरंत उसे लेकर गांधी नगर थाने पहुँचे। पुलिस ने नाबालिग के बयानों के आधार पर आरोपी ब्रजेश जाधव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# घर के बाहर बैठने से टोका तो ऑटो चालक पर बीयर की बोतल से हमला

**इन्दौर।** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के माली मोहल्ला में एक ऑटो रिक्शा चालक ने जब अपने घर के बाहर बैठे युवकों को वहाँ से हटने को कहा, तो आरोपियों ने आपा खो दिया। बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए बीयर की बोतल फोड़कर युवक पर हमला कर दिया और मारपीट कर फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

छत्रीपुरा थाना के अनुसार, माली मोहल्ला निवासी फरियादी आदेश पिता राजू सिंह गौर पेशे से ऑटो चालक हैं। आदेश ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपना ऑटो रिक्शा लेकर काम से वापस घर लौटे थे। जब वह घर के पास पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर के ठीक बाहर मोहल्ले के ही दिलीप राठौर और अवधेश बैठे हुए थे। आदेश ने दोनों से कहा कि वे उनके घर के बाहर मत बैठें और कहीं और चले जाएं। इतनी सी बात सुनते ही दोनों आरोपी भड़क गए और गालियां देना शुरू कर दिया।आदेश ने जब आरोपियों को गालियां देने से मना किया, तो विवाद हिंसक हो गया। आरोपी दिलीप राठौर ने तैश में आकर पास ही पड़ी बियर की खाली बोतल उठाई और उसे फोड़कर नुकीला हिस्सा आदेश के बाएं हाथ पर दे मारा, जिससे खून बहने लगा। इसी दौरान दूसरे आरोपी अवधेश ने आदेश को दबोच लिया और उनके साथ जमकर हाथापाई की। इस मारपीट और झूमाझटकी के कारण आदेश के कान के पास, कमर और सीधे पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं।सरेराह हो रहे इस शोर-शराबे और झगड़े को देखकर आसपास के लोग और मोहल्ले की भीड़ मौके पर इकट्ठा होने लगी। जनता को आता देख दोनों आरोपी सहम गए और पीड़ित आदेश को बीच सड़क पर यह धमकी देते हुए भाग निकले किआज तो बच गया, आगे से हमसे जुबान लड़ाई या यहाँ बैठने से रोका, तो जान से खत्म कर देंगे।

# विवाहिता के घर में जबरन घुसा बदमाश

**इन्दौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में एक शातिर बदमाश ने एक शादीशुदा महिला के घर में जबरन घुसकर उसका अपहरण करने का प्रयास किया। जब महिला ने हिम्मत दिखाकर शोर मचाया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और अश्लील हरकतें करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। किशनगंज पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली एक 30 वर्षीय विवाहिता ने थाने पहुँचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थी, तभी क्षेत्र का ही रहने वाला आरोपी मोंटी निवासी तांगा खान बुरी नीयत से उसके घर में जबरदस्ती दाखिल हो गया। घर में घुसते ही आरोपी ने महिला को दबोच लिया और उसका अपहरण करने की नीयत से उसे जबरन खींचने लगा।घबराई महिला ने खुद को बचाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला की आवाज सुनकर पकड़े जाने के डर से आरोपी मोंटी बौखला गया और उसने पीड़िता के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ही आरोपी ने विवाहिता के साथ अश्लील हरकत भी की। जब आसपास के लोगों की आहट हुई, तो आरोपी पीड़िता को यह धमकी देते हुए मौके से भाग निकला कि अगर इस बारे में किसी को भी बताया या पुलिस में शिकायत की, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

## उद्यानिकी का रकबा बढ़ाने के लिये किसानों को प्रोत्साहित करें-वर्णवाल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल की अध्यक्षता में इंदौर के एआईसीटीएसएल सभाकक्ष इन्दौर में समीक्षा एवं खरीफ की तैयारियों को लेकर सम्भाग स्तर पर बैठक का आयोजन किया। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री वर्णवाल, अधिकारी डीपी आहूजा, निशांत वरवडे, जान किंग्स-ले, अरविन्द दुबे, डॉ. सुदाम खाडे, शिवम वर्मा की मौजूदगी में समीक्षा की गई। वर्णवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार कम मूल्य की फसलों के बजाय अधिक मूल्य वाली फसलों का उत्पादन अधिक करें। कृषि उत्पादन में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकों का प्रयोग करें और नवाचार को अधिक से अधिक बढ़ावा दें। कोई भी किसान नरवाई नहीं जलाए इस पर भी ध्यान दिया जाए। किसानों को शून्य प्रतिशत पर ऋण उपलब्ध कराने और पैक्स सदस्यता अभियान में भी तेजी लायें एवं शिविर लगाकर लक्ष्य को पूरा करें। सहकारिता बैंक अधिकारी कृषि ऋण वसूली में तेजी लायें। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी बात रखी। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि इंदौर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार में सप्ताह में दो दिन प्राकृतिक उत्पादों (फल एवं सब्जियों) का विक्रय किया जाता है। इन उत्पादों को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों को भी यहां अवलोकन के लिए आमंत्रित किया गया है। खरगोन कलेक्टर भाव्या मित्तल ने बताया कि जिले में सफेद मूसली का उत्पाद अधिक मात्रा में हो रहा है, जिससे किसानों की आय बढ़ी है। हाईब्रिड मक्का का उत्पादन नवाचार के रूप में किया गया है। धार कलेक्टर राजीवरंजन मीणा ने क़हा कि ब्लू बैरी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इस बैठक के अलावा आयुक्त अशोक वर्णवाल ने पशुपालन, डेयरी एवं मछुआ कल्याण विभाग की संयुक्त संभागीय समीक्षा बैठक भी आयोजित की।




## आजीविका मिशन का दल गुजरात रवाना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आजीविका मिशन का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए गुजरात रवाना हुआ। क्षेत्रीय आलू क्लस्टर विकास क़े अंतर्गत 3 जिलों का 24 सदस्यीय दल गुजरात के बनासकांठा जिले में आलू पर आधारित गतिविधियों को देखने एवं सीखने के उद्देश्य से गए हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा क्षेत्रीय आलू क्लस्टर का विकास तीन जिले इंदौर, देवास एवं उज्जैन को मिलाकर किया जा रहा है। दल में महिला स्व-सहायता समूह की दीदियां, महिला किसान उत्पादक कंपनी के पदाधिकारी के साथ आजीविका मिशन के अधिकारी शामिल है।

## राहुल देशपाण्डे देंगे अभंगवारी के अन्तर्गत प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गायक राहुल देशपाण्डे अपनी शैली में संत तुकाराम, संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव और संत एकनाथ की रचनाओं को प्रस्तुत करते हैं, जिससे आज की पीढ़ी भी इन्हें जान सके। राहुल देशपाण्डे 21 जून को इंदौर आकर अभंगवारी कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभ मंडपम में शाम 7 बजे से प्रस्तुति देंगे। गायक राहुल देशपाण्डे इन दिनों अलग-अलग 13 शहरों में प्रस्तुति देंगे और उनकी इस कार्यक्रम यात्रा की शुरूआत 20 जून को पिंपरी-चिंचवड़ से होगी और इसके बाद यह कारवां इंदौर, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, अमरावती, नागपुर, मुंबई, नासिक, पुणे, अहमदाबाद और वडोदरा सहित देश के 13 शहरों तक पहुंचेगा। अभंगवारी कार्यक्रम को संत परम्परा से जोड़कर देखा जा रहा है, केवल संगीत कार्यक्रम से नहीं।

## लगातार सिर दर्द हो तो कराए जांच

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हास्पिटल द्वारा विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के अवसर पर न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी विभाग के विशेषज्ञों ने ब्रेन ट्यूमर पर चिकित्सकों से चर्चा की और बताया कि लगातार सिर दर्द को नजरअंदाज नहीं करें। लगातार सिरदर्द, धुंधला दिखना, याददाश्त में कमी और दौरे पड़ना हो सकते हैं ब्रेन ट्यूमर के संकेत, समय पर जांच से जान बच सकती है। सिरदर्द को अक्सर लोग थकान, तनाव या मौसम के बदलाव का सामान्य परिणाम मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन यदि यह सिरदर्द लगातार बना रहे, समय के साथ बढ़ता जाए या इसके साथ दृष्टि संबंधी समस्याएं, उल्टी, चक्कर, शरीर में कमजोरी या दौरे पड़ने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो यह ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकता है। लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक रहने और शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से लेने की सलाह दी है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनोरंजन बरनवाल ने काफी सार्थक उद्‌बोधन ब्रेन ट्यूमर को लेकर दिए और जागरूकता की अपील जांच के रूप में की।

## लोक अदालत की समझौता फीस में हो रहा इंतजार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि गत वर्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'न्यायालय शुल्क वापसी हेतु मानक संचालन प्रक्रिया' मध्यप्रदेश के सभी विधिक सेवा प्राधिकरणों को एक पत्र के साथ प्रेषित की गई थी। इस नई प्रक्रिया से न्याय शुल्क वापसी की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और शीघ्र हो गई है। अब पक्षकार / उसके अभिभाषक को किसी भी शासकीय कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि पहले लोक अदालत में समझौता कर के अपने केस निराकृत करवाने वाले पक्षकारों को जिस न्यायालय में राजीनामा या केस वापसी होती थी, उस न्यायालय से न्यायालय फीस वापस प्राप्त करने के लिए एक प्रमाण पत्र प्राप्त कर पूर्व निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवश्यक दस्तावेजों सहित एक आवेदन पत्र के साथ कलेक्टर कार्यालय में जाकर जमा करवाना पड़ता था। उसके बाद सम्बन्धित विभाग में अनेक बार चक्कर लगाने के बाद न्यायालय फीस की धनराशि वापस प्राप्त होती थी। लेकिन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 01/02/2025 को जारी की गई 'न्यायालय शुल्क वापसी हेतु मानक संचालन प्रक्रिया 'एसओपी के लागू होने के बाद पक्षकार / उसके अभिभाषक को किसी शासकीय कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं है। पक्षकार / उसके अभिभाषक को केवल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में एक आवेदन-पत्र (न्यायालय से प्राप्त न्यायालय फीस वापसी के प्रमाण पत्र के साथ) प्रस्तुत करना पड़ता है। उसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायालय शुल्क वापसी के प्रमाण पत्र को एक कवरिंग लेटर के साथ कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया जाता है।लेटर में एक महीने के भीतर प्रमाण पत्र में उल्लेखित बैंक खाते में न्यायालय शुल्क की धनराशि जमा करवाने का निर्देश लिखा होता है। कवरिंग लेटर की एक प्रति जिला पंजीयक को भी भेजी जाती है। कलेक्टर कार्यालय से आदेश प्राप्त होने पर जिला पंजीयक कार्यालय वेण्डर जारी करता है।वेण्डर के आधार पर जिला कोषालय द्वारा सम्बन्धित पक्षकार के बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित की जाती है। भुगतान की सूचना जिला पंजीयक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी जाती है। भुगतान की सूचना प्राप्त होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पक्षकार उसके अभिभाषक से भुगतान प्राप्ति की स्वीकृति प्राप्त करता है। एडवोकेट गोपाल कचोलिया ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस नई प्रक्रिया के कारण पक्षकारों के समय और धन की बचत हो रही है। लेकिन इन्दौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय के माध्यम से न्यायालय फीस वापस प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रेषित करने वाले पक्षकारों को न्यायालय फीस वापसी के लिए अधिकृत-विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण निर्धारित एक महीने की समय-अवधि में न्यायालय फीस की धनराशि वापस प्राप्त नही हो पा रही है। पक्षकार को आवेदन करने के महीनों बाद भी न्यायालय फीस की धनराशि वापस प्राप्त नही हो पा रही है। गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मांग की है कि पक्षकारों को न्यायालय फीस की धनराशि निर्धारित समय अवधि में वापस प्रदान करवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी / विभाग को उचित आदेश जारी करे।

## एक और अस्पताल में आग, मासूमों को गोद में उठाकर भागे लोग

**बेगूसराय.एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय में मुजफ्फरपुर जैसा हादसा होते-होते टल गया। शहर के सदर अस्पताल में चिल्ड्रेन वार्ड के एक हिस्से में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वार्ड में भर्ती बच्चों के परिजन घबराकर उन्हें गोद में उठाकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। गनीमत रही कि सुरक्षाकर्मियों और अस्पताल कर्मचारियों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पिछले दिनों मुजफ्फरपुर में भी एक अस्पताल में आग लगी थी।

## पूर्व जज के पूरे परिवार को खत्म करने की सुपारी

**मुंबई.एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट के रिटायर जज गौतम पटेल और उनके परिवार को 2024 के एक फैसले को लेकर लगातार धमकी भरे पत्र मिलने का मामला सामने आया है। यह मामला बोहरा समुदाय के धार्मिक नेतृत्व (उत्तराधिकार) विवाद से जुड़ा हुआ है। परिवार के सूत्रों के अनुसार, पिछले लगभग 10 महीनों से उन्हें कई बार धमकी भरे पत्र मिल रहे हैं। सबसे हालिया पत्र 5 जून को उनकी लंदन में रह रही बेटी को मिला। 5 जून के पत्र में यह भी दावा किया गया कि परिवार के खिलाफ 'सुपारी' दी गई है।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **अमित कुमार पिता तेजराम पटेल** था जो अब परिवर्तित कर **अमित कुमार पटेल पिता तेजराम पटेल** हो गया है, अब भविष्य में मुझे **अमित कुमार पटेल** के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**अमित कुमार पटेल**
**निवासी-एफ-22 कैलिफोर्निया सिटी कनाडिया रोड इन्दौर (म.प्र.) मो.-90749-74258**


## इंदौर पुलिस का स्टिंग ऑपरेशन...

### सादे कपड़ों में तैनात रहीं महिला पुलिसकर्मी, राजवाड़ा पर कमेंट पास करने वाला मनचला दबोचा

**इन्दौर।** शहर में महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने और मनचलों व असामाजिक तत्वों को सबक सिखाने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में देर रात सराफा थाना पुलिस और महिला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने राजवाड़ा क्षेत्र में एक विशेष स्टिंग ऑपरेशन 'सीक्रेट मिडनाइट को अंजाम दिया। इस कार्रवाई के दौरान सादी वर्दी में तैनात महिला पुलिसकर्मियों पर फब्तियां कसने और कमेंट पास करने वाले एक मनचले को रंगेहाथों दबोचकर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, शहर में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने और उन्हें सुरक्षित माहौल देने के लिए डीसीपी सुनील मेहता, एडिशनल डीसीपी दीशेष अग्रवाल एवं एसीपी विजय तिवारी द्वारा थाना प्रभारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत सराफा थाना प्रभारी और महिला थाना प्रभारी ने मिलकर एक विशेष टीम का गठन किया। इस गुप्त ऑपरेशन के तहत महिला पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में देर रात राजवाड़ा और उसके आसपास के संवेदनशील पॉइंट्स पर तैनात किया गया ताकि संदिग्ध गतिविधियों और मनचलों पर सीधे नजर रखी जा सके।



**कमेंट पास करते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोचा-** स्टिंग ऑपरेशन के दौरान जब सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मी राजवाड़ा क्षेत्र में भ्रमण कर रही थीं तभी वहां मौजूद कुछ मनचलों ने उन्हें आम युवती समझकर उन पर फब्तियां कसना और अश्लील कमेंट पास करना शुरू कर दिया। आसपास ही मुस्तैद खड़ी पुलिस की बैकअप टीम ने महिला पुलिस कर्मियों क़ा इशारा मिलते ही तुरंत घेराबंदी की और मौके से एक मनचले को रंगेहाथों दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में वैधानिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मैं अवनि गुप्ता (AVANI GUPTA) पिता गिरीश गुप्ता** निवासी-122, नीर नगर नियर मयंक ब्लू वाटर पार्क, हाउस नं- 9 मीडोज ग्रीन, इंदौर (म प्र) पिन कोड 452001, यहाँ निवासरत हूँ मेरे पहचान पत्र जैसे आधारकार्ड व पेनकार्ड आदि में मेरा नाम अवनि गुप्ता (AVANI GUPTA) है। मेरे पासपोर्ट में पूर्व में मेरा नाम **बेबी अवनि गुप्ता (BABY AVANI GUPTA)** लिखा गया था।जबकि उपरोक्त दस्तावेजों में वास्तविक मेरा नाम **अवनि गुप्ता (AVANI GUPTA)** है। अतः भविष्य में पासपोर्ट में भी **अवनि गुप्ता (AVANI GUPTA)** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**श्यामली तारे अधिवक्ता**
**पता-208, डीप शिखा अप्पार्टमेन्ट मनोरमागंज, इंदौर (म.प्र) 9826774087**

# बुंदेलखंड बुल्स की जीत में चमके पार्थ

**इंदौर।** पार्थ गोस्वामी (101) की शतकीय पारी की बदौलत बुंदेलखंड बुल्स ने भोपाल लेपर्ड को 6 विकेट से पराजित किया। डेली कॉलेज के मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में भोपाल लेपर्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 197 रन बनाए। कप्तान अंकित वर्मा ने 39 गेंदों में 85 रन बनाए थे। जिसमें उन्होंने 9 छक्के और 5 चौके लगाए । साथ ही हिमांशु शिंदे ने भी 37 गेंदों में चार छक्कों और 3 चौकों की मदद से 57 रन बनाए। राहुल चंद्रोल ने 33 रनों का स्कोर बनाया। 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल बुंदेलखंड बुल्स की टीम ने 18.5 ओवर में ही 201 रन बनाकर बड़ी जीत हासिल की। इस जीत में पार्थ गोस्वामी ने नाबाद धमाकेदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 53 गेंदों में 101 रन बनाए। उन्होंने 6 छक्के और 9 चौके लगाए। हर्ष गवली ने 37 और भूमेश मुजाल्दा ने नबाद 29 रन बनाए।



### पिंक पैथर्स की पहली जीत

देर शाम खेले गए मुकाबले में इंदौर पिंग पैंथर्स की टीम ने मालवा स्टेलियंस को 31 रन के बड़े अंतर से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंदौर पिंक पैंथर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 229 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अथर्व जोशी ने 45, करण तहलयानी ने 50, कप्तान वेंकटेश अय्यर ने 54 और सारांश सुराणा ने 50 रनों की धूआंधार पारी खेली। कप्तान अय्यर ने मात्र 22 गेंदों में 54 रन बनाए। जिसमें 6 छक्के शामिल रहे। वहीं सारांश ने भी 17 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली। उन्होंने भी 5 छक्के और 3 चौके लगाए। जवाब में मालवा स्टेलियंस की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 198 रन ही बना सकी। सचिन विश्वकर्मा ने 47 और पार्थ साहनी ने 54 रनों की पारियां खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। यह इंदौर पिंक पैंथर्स की पहली जीत रही।

### शुभम और आवेश की बदौलत जीते चंबल घड़ियाल्स

*होलकर स्टेडियम पर खेले गए एक अन्य मुकाबले में मुकाबले में चंबल घड़ियाल्स ने उज्जैन फाल्कन्स को 7 रन से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंबल घड़ियाल्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 192 रन बनाए। जिसमें कप्तान शुभम शर्मा ने 57 रनों की उम्दा पारी खेली। वहीं रोहित गुप्ता ने 41 और अपूर्व द्विवेदी व त्रिपुरेश सिंह ने 30-30 रनों का योगदान दिया। जवाब में उज्जैन फाल्कन्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 192 रन ही बना सकी। सोहम पटवर्धन ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। चंबल घड़ियाल्स की ओर से आवेश खान ने 3 विकेट झटके।*

# हमारा ध्यान लगातार बड़ा स्कोर खड़ा करने पर रहा : गिल

**न्यू चंडीगढ़ (पंजाब)।** अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में अपनी टीम की शानदार जीत के बाद, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने जीत पर खुशी व्यक्त की और कहा कि अब उनका ध्यान लगातार 350-400 रनों का स्कोर बनाने पर है।



कप्तान गिल और केएल राहुल के शतक और स्पिनरों मानव सुथार और वाशिंगटन सुंदर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने टेस्ट में अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की और न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हराया।

मैच के बाद गिल ने कहा, इस जीत से बहुत खुश हूं। बहुत गर्मी थी। हमने तय किया कि अगर हम लंच से पहले या पहले ड्रिंक्स के तुरंत बाद उन्हें आउट कर देते हैं, तो हम देखेंगे कि गेंदबाज तरोताजा हैं या नहीं, और उन्हें फॉलो-ऑन देंगे। अगर नहीं, तो हम कुछ ओवर बल्लेबाजी करेंगे, और शायद दिन के अंत में उन्हें फिर से गेंद देंगे। लेकिन हमें जल्दी विकेट मिल गए, हमने वापसी की। और हमारे तेज गेंदबाजों ने जिस तरह से गेंदबाजी की, सिराज ने हमें वह महत्वपूर्ण विकेट दिलाया जब हमने उन्हें फॉलो-ऑन दिया, और प्रसिद्ध ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए।

वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और नवोदित गेंदबाज मानव सुथार की स्पिन तिकड़ी के बारे में, जिन्होंने पहली पारी में छह विकेट लिए, उन्होंने कहा, मानव, वाशी और कुलदीप में जिस तरह की गुणवत्ता है, मुझे लगता है कि उन तीनों में ही कोई संदेह नहीं था। यह सब अनुभव प्राप्त करने और अधिक ओवर फेंकने और इस तरह की विकेटों पर यह देखने के बारे में है कि बल्लेबाज को कैसे सेट किया जाए, गति में बदलाव किया जाए और बल्लेबाज को अलग-अलग क्षेत्रों में परखा जाए।

गिल ने कहा कि उनकी कप्तानी में टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, ऐसे में मंत्र यही है कि चाहे कुछ भी हो जाए, पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 350 या उससे अधिक रन बनाने हैं।

# निरंतरता और धैर्य ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं: मानव

**मुल्लांपुर।** अपने डेब्यू टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के खब्बू स्पिनर मानव सुथार ने कहा कि क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में निरंतरता और धैर्य ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी और 300 रन की विशाल जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सुथार को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच (पीओटीएम) चुना गया। सुथार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने पहली पारी में 22 ओवर में 33 रन देकर छह विकेट झटके। पहली पारी में 152 रन पर आउट होने के बाद फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में भी मात्र 112 रन पर सिमट गई। भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी।



सुथार ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि निरंतरता ही सब कुछ है। आपको बार-बार एक ही क्षेत्र में गेंदबाजी करनी होगी। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें धैर्य की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा, मैंने यही सीखा है कि धैर्य के साथ अपनी योजनाओं पर कायम रहें और लगातार सही लाइन व लेंथ पर गेंदबाजी करते रहें। इस 23 साल के गेंदबाज ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए अपने सपने को सच करने जैसा है। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय अनुभव था। भारत के लिए और खासकर टेस्ट क्रिकेट खेलने का सपना मैंने बचपन से संजोया था। यह मेरे लिए बेहद खास और सपने के सच होने जैसा पल था। सुथार ने बताया कि गेंदबाजी से पहले बल्लेबाजी करने से उन्हें पिच के स्वभाव को समझने में मदद मिली। उन्होंने कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने गया तो मुझे काफी सहज महसूस हुआ। कुछ गेंदें खेलने के बाद मुझे एहसास हुआ कि पिच से स्पिनरों के लिए मदद मौजूद है। सुथार ने कहा, जब मैं गेंदबाजी करने आया और पहला ओवर डाला, तब भी मुझे वही महसूस हुआ। इसके बाद मेरा पूरा ध्यान सही लाइन, लेंथ और गति का उपयोग करने पर रहा। भारत ने अफगानिस्तान को हराकर टेस्ट में पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को एक पारी और 260 रन से हराया था लेकिन मेहमान टीम के लिए राहत की बात यह है कि वे इस मैच को तीसरे दिन तक खींचकर ले गए।



# इंदौर के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

**इंदौर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा हल्द्वानी (उत्तराखंड) में खेली गई 13वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने तीन पदक हासिल किया। जिसमें अमन सिंदल ने रजत पदक, नमन पाटिल व कारण सक्सेना ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया व सभी पदाधिकारी ने बधाई दी।

# हार्दिक, विकास, वीरेन, ऋषभ अगले दौर में

**इंदौर।** मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स व स्नूकर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 11वीं सिक्स रेड एम.पी. स्टेट रैंकिंग स्नूकर चैंपियनशिप 2026 नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी पर खेली जा रही है। इस चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा रहे है। पहले दौर के मुकाबलों में युवा खिलाड़ी हार्दिक गायकवाड़ ने बिलाल शेख को 3-0 से, विकास कनौजिया ने हर्षित शर्मा को 3-1 से, वीरेन शर्मा ने देवानी चौहान को 3-0 से, ऋषभ पितलिया ने अर्जुन शर्मा को 3-0 से, मोहम्मद शफान ने महेंद्र चौहान को 3-2 से, समर मंसूरी ने हिमांशु डावर को 3-2 से, हर्षित शर्मा ने तरंग गगनेजा को 3-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। चीफ रैफरी सुजीत गेहलोत ने बताया कि मंगलवार से प्रदेश के राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे।



# चंबल घड़ियाल्स ने बुंदेलखंड बुल्स को हराकर फ़ाइनल में जगह बनाई

**इंदौर।** चंबल घड़ियाल्स ने इंदौर के डेली कॉलेज में बुंदेलखंड बुल्स पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज करके आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग टी-20 सिंधिया कप 2026 की महिला प्रतियोगिता के फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की करने वाली पहली टीम बन गई।

घड़ियाल्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुल्स के खिलाफ़ एक और बेहतरीन गेंदबाजी के साथ लगातार चौथी जीत हासिल की। बुंदेलखंड बुल्स की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर 102 का स्कोर ही बना सकी। माही 39 गेंदों पर 30 रन बनाकर नाबाद रहीं।



घड़ियाल्स की शुरुआतअच्छी रही लेकिन 80 रन पर चार विकेट खो दिए थे। इसके बाद जब मैच का नतीजा नाजुक मोड़ पर था, तब राहिला फिरदौस और अनामिका रघुवंशी ने मोर्चा संभाला और टीम को बहुत ज़रूरी स्थिरता दी। दोनों ने समझदारी से बल्लेबाजी की, यह पक्का किया कि और कोई झटका न लगे और टीम को सुरक्षित जीत दिलाई। अब यह देखना बाकी है कि बुंदेलखंड बुल्स, ग्वालियर शेरनीज़ और रॉयल निमार ईगल्स में से कौन सी टीम फाइनल में चंबल घड़ियाल के साथ खेलेगी। फाइनल 13 जून को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा।





# 984 प्रशिक्षुओं की दीक्षांत परेड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में नए 984 प्रशिक्षुओं को लेकर जहां कल शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। वहीं आज सुबह पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के आतिथ्य में 78वें प्रशिक्षण सत्र का दीक्षांत परेड समारोह भी आयोजित किया गया। एक जैसे ड्रेसअप में प्रशिक्षुओं की परेड आज देखने लायक थी। मुख्य अतिथि मकवाना ने परेड की सलामी ली।

## जल उठी डीपी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दवा बाजार के समीप कल एक डीपी में आग लग गई। देखते-ही-देखते डीपी में लगे सभी तार जल गए। उल्लेखनीय है कि छावनी रोड पर सडक चौडीकरण के लिए तोड़फोड की गई थी। फिलहाल रोड निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है ऐसे में जब डीपी जली तो क्षेत्र की बत्ती गुल हो गई और लोगों को परेशानी हुई।



# हाईवोल्टेज ड्रामाः प्रेमी के घर घुसकर युवती ने खुद को कमरे में किया बंद

## मां का मुंह दबाकर पीटा, बोली- मोहनिश मेरा नहीं हुआ तो सुसाइड कर लूंगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

कनाडिया थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा युवक के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाते हुए उसकी बुजुर्ग मां के साथ मारपीट कर डाली। सिरफिरी युवती ने युवक के परिवार को बंधक बनाने जैसी स्थिति पैदा कर दी और खुद को बेडरूम में लॉक कर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। कनाडिया पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर आरोपी युवती के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अरावली परिसर भूरी टेकरी निवासी फरियादी पूर्णिमा बिडवान पिता अशोक कुमार बिडवान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पूर्णिमा ने पुलिस को बताया कि राजस्थान की रहने वाली आरोपी खुशी उर्फ शाइना खान उनके घर में जबरन दाखिल हो गई। घर में घुसते ही आरोपी खुशी ने पूर्णिमा की बुजुर्ग मां को एक कमरे में बंद कर दिया। उसने वृद्ध महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए उनका मुंह दबा दिया और हाथ पर वार कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।बुजुर्ग महिला से मारपीट के बाद आरोपी खुशी ने अपनी जिद में आकर खुद को पूर्णिमा के बेडरूम के अंदर बंद कर लिया और अंदर से कुंडी लगा ली। कमरे के अंदर से वह चिल्ला-चिल्लाकर परिवार को धमकी देने लगी कि मैं मोहनिश को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ूंगी और उसे आप लोगों से भी नहीं मिलने दूंगी। अगर मोहनिश मेरे साथ नहीं रहा, तो मैं यहीं अंदर आत्महत्या कर लूंगी और तुम सबको फंसा दूंगी।इस हाईवोल्टेज ड्रामे और धमकी से पूरा परिवार बुरी तरह डर गया।युवती के चंगुल से किसी तरह अपनी मां को छुड़ाकर और कमरे के बाहर पहरा देकर पीड़ित परिवार ने तुरंत कनाडिया थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने फरियादी पूर्णिमा की रिपोर्ट पर आरोपी खुशी उर्फ शाइना खान निवासी ईदगाह कॉलोनी, अजमेर, राजस्थान के खिलाफ घर में जबरन घुसने , मारपीट, गाली-गलौज, बंधक बनाने का प्रयास और जान से मारने की धमकी देने की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है।

# दो युवकों ने लगाया फंदा

## *पत्नियों से विवाद के बाद पारिवारिक कलह की बलि चढ़ीं दो जिंदगियां...*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पारिवारिक विवाद और गृहक्लेश के चलते दो युवकों द्वारा आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। दोनों ही घटनाओं में शुरुआती जांच के दौरान पत्नियों से हुई कहासुनी और आपसी मनमुटाव के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहली घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र के चंद्रभागा क्षेत्र की है। यहाँ रहने वाले 32 वर्षीय पीयूष पिता पप्पू का बीती रात अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद मचे मानसिक तनाव में आकर पीयूष ने अपने कमरे में जाकर फांसी का फंदा तैयार किया और उस पर झूल गया। दूसरा मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र के राहुल गांधीनगर का है। यहाँ रहने वाले 36 वर्षीय विजय पिता रमेश ने भी अपने घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में भी यह बात सामने आई है कि घटना से ठीक पहले विजय का उसकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा और कहासुनी हुई थी। इसी विवाद से क्षुब्ध होकर विजय ने आत्मघाती कदम उठा लिया।दोनों ही थानों की पुलिस ने युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा परिजनों के विस्तृत बयानों व जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस दोनों मामलों में मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# सराफा चौपाटी के दो दुकानदार भिड़े

## जमकर चले लात-घूंसे, फेंके स्टूल, 200 मीटर दूर है थाना पुलिस ने दोनों पक्षों पर एफआईआर की दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

सराफा चौपाटी पर बीती रात दो दुकानदारों के बीच मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई। दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। दोनों ने एक-दूसरे पर बैठने के लिए रखे स्टूल फेंके। इस दौरान महिला दुकानदार विवाद शांत करवाते नजर आई। पुलिस ने दोनों पक्षो की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सराफा चौपाटी पर कल रात उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब दो दुकानदारों के बीच विवाद हो गया। मामूली विवाद ने कुछ ही क्षणों में बड़ा रूप ले लिया। सराफा पुलिस ने बताया कि दो दुकानदारों के बीच विवाद हुआ था। एक दुकानदार के पानी डालने पर छींटे दूसरे दुकानदार के कढ़ाव में जाने के बाद विवाद शुरू हुआ था। पुलिस ने फरियादी सचिन ठाकुर की शिकायत पर वंश श्रीमाल, आदित्य शर्मा





और हर्ष सोनी के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी वंश और श्रीमाल की शिकायत पर आरोपी सचिन ठाकुर, रेहान शेख और प्रेम पाटोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। दोनों दुकानदार मिठाई की दुकान संचालित करते है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। खास बात यह है कि घटनास्थल से महज 200 मीटर दूर सराफा थाना है। विवाद के बीच कोई पुलिसकर्मी वहां नहीं पहुंचा जबकि सराफा पुलिस द्वारा दावा किया जाता है कि चौपाटी पर सुरक्षा के लिहाज से सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी तैनात किए जाते है। हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की।

# जिलाबदर बदमाश के इलाके में पुलिस ने लाउडस्पीकर से की मुनादी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले एक शातिर और कुख्यात बदमाश को पुलिस कमिश्नर के आदेश पर जिलाबदर कर दिया गया है। पुलिस ने आदेश जारी होने के तुरंत बाद मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी के इलाके में जाकर लाउडस्पीकर और मुनादी के माध्यम से परिजनों और आम जनता को इस प्रतिबंधात्मक कार्रवाई से अवगत कराया।



चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले के अनुसार, क्षेत्र के लिस्टेड और शातिर बदमाश विजय उर्फ बल्लू उर्फ बलिया पिता माधव सोलंकी, निवासी ताप्ती परिसर मल्टी, ग्राम सिंदौड़ा के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों और आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया है। पुलिस कमिश्नर ने कल शाम मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए 'बल्लू' को आगामी 3महीने की अवधि के लिए जिलाबदर करने के आदेश जारी किए।

इस आदेश के लागू होने के बाद आरोपी विजय उर्फ बल्लू के लिए जिला इंदौर के साथ-साथ उससे लगे सभी सीमावर्ती जिलों जैसे धार, उज्जैन, देवास, खरगोन आदि की राजस्व सीमाओं में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि आरोपी 3 महीने की इस अवधि के दौरान इन जिलों की सीमा में पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सीधे जेल भेजने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।आदेश जारी होने के बाद कल रात ही चंदन नगर थाना पुलिस की एक विशेष टीम आरोपी के निवास स्थान ताप्ती परिसर और आसपास के मोहल्ले में पहुँची। पुलिस जवानों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से पूरे इलाके में मुनादी की। पुलिस ने आरोपी के परिजनों, पड़ोसियों और स्थानीय लोगों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि बदमाश को शहर से बाहर भेज दिया गया है और कोई भी उसे पनाह देने या छिपाने की कोशिश न करे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।